भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, भिण्ड, आगरा (उ.प्र.) एवं धौलपुर (राजस्थान) से एक साथ प्रसारित

# सच टाइम्स

DAINIK SACH TIMES

वर्ष 18 अंक 100 | मुरैना, रविवार 19 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 8 मूल्य 1.50 ₹



मुरैना में भव्यता से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, सुरजीत महाराज सिंह जी ने किया भव्य स्वागत
पेज : 03

भारत के बढ़ते कदम और ट्रंप का टैरिफ हथियार
पेज : 04



मुरैना में पहली बार निकली भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा
पेज : 06



आगामी निकाय चुनाव में सेवादल कार्यकर्ताओ को मिलेगी भागीदारी : भार्गव
पेज : 07

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की मंत्रि-परिषद् बैठक और विधानसभा सत्र की तैयारियों की समीक्षा

## 19 जुलाई को ग्राम जगदीशपुर में होगी मंत्रि-परिषद् की बैठक

भोपाल (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में एक उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार, 19 जुलाई को भोपाल जिले के ग्राम जगदीशपुर के पुरातात्विक धरोहर स्थल में होने वाली मंत्रि-परिषद् की बैठक एवं सोमवार, 20 जुलाई से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियों की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद् की बैठक में अनुमोदन के लिए लाये जाने वाले विधेयक प्रस्तावों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव लोक



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा एवं संसदीय कार्य श्री अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग एवं संस्कृति श्री शिवशेखर शुक्ला, अपर मुख्य सचिव नगरीय प्रशासन एवं आवास श्री संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित सचिव, अपर सचिव एवं उप सचिव स्तर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव 10.54 लाख किसानों के खातों में 1460.25 करोड़ की राशि करेंगे अंतरित

## जगदीशपुर में होने वाली केबिनेट में किसानों को की जाएगी राशि अंतरित

भोपाल (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 जुलाई को भोपाल जिले के जगदीशपुर से 10.54 लाख किसानों के खातों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि 1460.25 करोड़ अंतरित करेंगे। इसी दिन जगदीशपुर में मंत्रि-परिषद की बैठक भी होगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आरंभ वर्ष से वर्ष 2024-25 तक 30,942.34 करोड़ रूपये का भुगतान प्रभावित कृषकों को किया गया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं महत्वपूर्ण योजना है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल क्षति होने पर कृषकों को बीमा दावा भुगतान कर उनके वित्तीय हितों की रक्षा करना ही इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस बार अल-नीनो प्रभाव के कारण अच्छे मानसून का अनुमान नहीं है। ऐसी



स्थिति में किसान भाई अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा निर्धारित तिथि से पूर्व करवा लें जिससे उपज में हानि होने पर वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। मध्यप्रदेश सरकार हर परिस्थिति में कृषकों के साथ है एवं कृषकों के हित के लिए निरन्तर कार्य कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### नागपुर में उद्धव ठाकरे का 'रामरक्षा आंदोलन', भाजपा पर हमला

नागपुर, 18 जुलाई (हि.स.)। अयोध्या के राम मंदिर में चोरी की घटना के विरोध में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को नागपुर में 'रामरक्षा पाठ आंदोलन' किया। इस आंदोलन के दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा और हिंदुत्व के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की आलोचना की। इस अवसर पर उद्धव ठाकरे ने कहा, 'हम जय श्रीराम और जय शिवराय का नारा लगाने वाले कट्टर हिंदू हैं। हमने हिंदुत्व नहीं छोड़ा है, लेकिन भाजपा का हिंदुत्व हमें स्वीकार नहीं है।' उन्होंने शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की हिंदुत्व की भूमिका का उल्लेख करते हुए बाबरी मस्जिद मामले में उनके रुख को याद किया। उन्होंने कहा कि जब बाबरी मस्जिद गिराई गई थी, तब बालासाहेब ठाकरे मजबूती से खड़े रहे थे। उन्होंने कहा था कि अगर यह काम मेरे शिवसैनिकों ने किया है तो मुझे उन पर गर्व है। उन्होंने ही 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं' का नारा बुलंद किया था।

### 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में आर्यन व ममूटी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और यामी बनीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

नई दिल्ली, 18 जुलाई (हि.स.)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को 72वें नेशनल फिल्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी। इसमें वर्ष 2024 में रिलीज हुई सर्वश्रेष्ठ फिल्मों के लिए कार्तिक आर्यन व मामूटी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और यामी गौतम को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान दिया गया जबकि धनुष की रायन को मिला बेस्ट फीचर फिल्म का सम्मान मिला। नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म की श्रेणी की घोषणा करते हुए जूरी अध्यक्ष जयराज ने बताया कि साल 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान यामी गौतम को 'आर्टिकल 370' के लिए दिया जाएगा जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का सम्मान कार्तिक आर्यन को 'चंदू चैंपियन' के लिए और ममूटी को फिल्म 'ब्रमायुगम' के लिए दिया जाएगा। इसी के साथ स्वातंर्त्य वीर सावरकर फिल्म को सर्वश्रेष्ठ डेबू फिल्म का सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि साल 2024 के लिए इस श्रेणी में कुल 34 भाषाओं और बोलियों की 400 फिल्में प्राप्त हुईं। सभी फिल्में अपने आप में नायाब और अनोखी कहानियां सुनाती हैं। सभी फिल्में अपने आप में सर्वश्रेष्ठ हैं। 'फिल्म श्रीकांत' उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला की असल जिंदगी की प्रेरणादायक कहानी पर आधारित है, जिन्होंने नेत्रहीन होने के बावजूद जीवन में बड़ी कामयाबी हासिल की।

# अमित शाह 19 जुलाई को कोलकाता में करेंगे विश्व के सबसे बड़े दही उत्पादन संयंत्र का भूमि पूजन

नई दिल्ली, 18 जुलाई (हि.स.)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 19 जुलाई को कोलकाता के न्यू टाउन कन्वेंशन सेंटर में अमूल बंगाल डेयरी परियोजना के अंतर्गत विश्व के सबसे बड़े दही उत्पादन संयंत्र का भूमि पूजन करेंगे। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और सहकारी क्षेत्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

पश्चिम बंगाल के हावड़ा फूड पार्क में लगभग 700 करोड़ रुपये के निवेश से अमूल बंगाल डेयरी परियोजना स्थापित की जा रही है। परियोजना के पूर्ण होने पर यहां प्रतिदिन लगभग 30 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण किया जा सकेगा। संयंत्र में प्रतिदिन लगभग 1,000 मीट्रिक टन अर्थात 10 लाख किलोग्राम दही एवं अन्य कल्चर्ड डेयरी उत्पादों के उत्पादन की क्षमता होगी। परियोजना की प्रतिदिन की प्रस्तावित उत्पादन क्षमता में 10 लाख लीटर दूध की पैकेजिंग, दो लाख लीटर ॥ञ्ज दूध का प्रसंस्करण, एक लाख लीटर आइसक्रीम, 20 मीट्रिक टन पनीर, 10 मीट्रिक टन घी



और 10 मीट्रिक टन मिठाई का उत्पादन शामिल है। इसके अतिरिक्त, संयंत्र में प्रतिदिन लगभग 2.5 लाख पैक फ्लेवर्ड मिल्क का उत्पादन भी किया जा सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल में मोबिलिटी सेवाओं के संचालन और विस्तार के लिए भारत टैक्सी और पश्चिम बंगाल सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान भी किया जाएगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह श्वेत क्रांति 2.0 के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में नवगठित 200 से अधिक डेयरी सहकारी समितियों में से एक समिति को पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान करेंगे। इसके साथ ही राज्य में नवपंजीकृत 11 बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समितियों में से एक समिति को भी प्रतिनिधि रूप में पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। अमित शाह पश्चिम बंगाल में सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालय के कम्प्यूटरीकरण की परियोजना के अंतर्गत विकसित द्ग-ऋष्टस्र पोर्टल का शुभारंभ भी करेंगे। यह पोर्टल सहकारी समितियों से संबंधित पंजीकरण और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को डिजिटल, पारदर्शी तथा अधिक सुगम बनाने में सहायता करेगा। कार्यक्रम में अमित शाह 10 जिलों में कुल 1,400 मीट्रिक टन भंडारण क्षमता वाले 14 भंडारण गोदामों का शिलान्यास करेंगे। इन गोदामों का निर्माण लगभग 5.98 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, वे दक्षिण 24-परगना और कूचबिहार में कुल 73.61 लाख रुपये की लागत से निर्मित 100-100 मीट्रिक टन क्षमता वाले दो गोदामों का उद्घाटन भी करेंगे।

# लोकसभा में बदला दलगत समीकरण, छह सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने को मंजूरी, शिवसेना के सदस्य बढ़कर 13 हुए

नई दिल्ली, 18 जुलाई (हि.स.)। संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले लोकसभा में दलगत समीकरण में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के छह सांसदों के एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय के बाद लोकसभा में शिंदे गुट की सदस्य संख्या बढ़कर 13 हो गई है, जबकि उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की संख्या घटकर तीन रह गई है। लोकसभा सचिवालय की ओर से शनिवार को जारी सर्कुलर के अनुसार, इन छह सांसदों को सदन में शिंदे गुट के सदस्य के रूप में मान्यता दे दी गई है। इसके साथ ही सदन में दोनों शिवसेना गुटों की संसदीय स्थिति में औपचारिक बदलाव दर्ज हो गया है। इसी सर्कुलर में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर अलग गुट बनाने वाले 28 सांसदों में से 20 सदस्यों को लोकसभा में पृथक समूह के रूप में बैठने की अनुमति भी प्रदान की गई है। इससे सदन की बैठक व्यवस्था और संसदीय दलों की संरचना में भी बदलाव होगा।

उल्लेखनीय है कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। ऐसे समय में लोकसभा में दलों के बदले हुए संख्या बल को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आगामी सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयक सदन में पेश कर सकती है, जिनमें पिछले सत्र में लंबित रहे कुछ प्रस्ताव भी शामिल हो सकते हैं।

# देश का पहला निजी ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 अपनी कक्षा तक पहुंचने में सफल



श्रीहरिकोटा, 18 जुलाई (हि.स.)। देश का पहला निजी तौर पर विकसित आर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 शनिवार को अपनी लक्षित कक्षा तक पहुंचने में सफल रहा। इस प्रक्षेपण को देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

विक्रम-1 को आज दोपहर 12.05 बजे यहां के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अंतरिक्ष के लिए प्रक्षेपित किया गया था। हैदराबाद के स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी द्वारा विकसित इस रॉकेट की पहली परीक्षण उड़ान को मिशन आगमन नाम दिया गया।

पहले इस मिशन को सुबह 11:30 बजे लॉन्च किया जाना था, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों के चलते इसे दोपहर 12.05 बजे प्रक्षेपित किया गया। लगभग 15 मिनट की उड़ान अवधि और सभी चरणों के सफलतापूर्वक पूरे होने बाद यान ठीक 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर लक्षित कक्षा में पहुंच गया है। रॉकेट के लक्षित कक्षा में पहुंचते ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने अन्य वैज्ञानिकों को बधाई दी। इसरो ने रॉकेट के कक्षा में पहुंचने के बाद विक्रम-1 अभियान के सफलतापूर्वक संपन्न होने की घोषणा की। इसरो ने एक्स पोस्ट में कहा, 'यह मिशन भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और देश के अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। इन-स्पेस और इसरो की टीमों को बधाई, जिन्होंने तकनीकी परामर्श और 24×7 सुरक्षा निगरानी के साथ-साथ प्रक्षेपण और जमीनी परीक्षण कार्यों को सक्षम और सुविधाजनक बनाया। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित अंतरिक्ष क्षेत्र के सुधारों का भी प्रमाण है। '

इसके सफल प्रक्षेपण के बाद प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्काईरूट एयरोस्पेस और उसके वैज्ञानिकों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कंपनी के सह-संस्थापक पवन कुमार चंदना और नागा भरत डाका से फोन पर बात कर कहा कि स्काईरूट ने आकाश में अपनी जड़ें गाड़ दी हैं और जमीन पर भी उन जड़ों को मजबूत किया है, जो देश के युवाओं को प्रेरणा देंगी। यह प्रक्षेपण भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक नए युग की शुरुआत है, क्योंकि यह देश का पहला निजी तौर पर विकसित ऑर्बिटल रॉकेट बन गया है।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने मप्र के चंदेरी में मां जागेश्वरी मंदिर में दर्शन कर किया पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण

अशोक नगर, 18 जुलाई (हि.स.)। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले प्रवास के चौथे दिन शनिवार को चंदेरी स्थित ऐतिहासिक मां जागेश्वरी मंदिर में दर्शन-पूजन कर लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्य आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ मंदिर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए किए जाएं। सिंधिया ने कहा कि इस काम्प्लेक्स का निर्माण उज्जैन के महाकाल लोक की तरह होगा और यहाँ वैसी ही सुविधाएं श्रद्धालुओं को मिलेंगी।

उल्लेखनीय है कि मां जागेश्वरी मंदिर परिसर, सागर ताल एवं ऐतिहासिक झरोखे का निर्माण वर्ष 1894 में सिंधिया राजवंश के शासनकाल में श्रीमंत महाराज माधवराव सिंधिया द्वारा कराया गया था। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि यह परिसर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि चंदेरी की समृद्ध सांस्कृतिक एवं स्थापत्य विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है, इसलिए इसके मूल स्वरूप को यथासंभव सुरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित सीसी रोड हटाकर प्राकृतिक पत्थर से मार्ग विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर के संरक्षण एवं पुनर्स्थापन का कार्य राज्य पुरातत्व विभाग की तकनीकी सलाह के अनुरूप करने को कहा। झरोखे का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्वयं उसके विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और निर्देश दिए कि उसका पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि मूल स्वरूप का संरक्षण एवं रेस्टोरेशन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुराने पत्थरों को यथासंभव सुरक्षित रखा जाए तथा निर्माण में ईंट का उपयोग न किया जाए।




# सोनम वांगचुक को हटाना गलत, छात्रों की आवाज नहीं दबाई जा सकती : राहुल गांधी

नई दिल्ली, 18 जुलाई (हि.स.)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाए जाने की आलोचना करते हुए इसे गलत बताया है। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र लीक, शिक्षा की बढ़ती लागत और छात्रों की आत्महत्या जैसे मुद्दे देश के भविष्य से जुड़े गंभीर विषय हैं, जिन्हें उठाने से छात्रों और उनके समर्थकों को कोई नहीं रोक सकता।

राहुल गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया



प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि सरकार के मूल सिद्धांत असत्य और हिंसा हैं। अहिंसक अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाया जाना गलत है।

उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र लीक की घटनाएं, शिक्षा की बढ़ती लागत और छात्रों की आत्महत्या देश के भविष्य के लिए गंभीर मुद्दे हैं। इन सवालों को उठाने से भारत के छात्रों और उन लोगों को, जो उनसे प्रेम करते हैं और उन पर विश्वास करते हैं, किसी भी प्रकार का बल प्रयोग उन्हें नहीं रोक सकता।

स्वामी एवं प्रकाशक रविन्द्र सिंह नवरंग द्वारा वनखंडी रोड़ हरीराज टॉकीज के पीछे, शिवनगर मुरैना (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित एवं मुद्रक नवीन बंसल द्वारा बंसल ऑफसेट रामजानकी मंदिर के पास, जीवाजीगंज मुरैना से मुद्रित, स्थानीय संपादक- धर्मेंद्र सिंह ''सीताराम जी '', मुरैना, मोबाइल 6261839476
RNI No. MPHIN/2009/45558 फोन 07532-232387 मोवा- 9425334744 तथा सभी विवादों को न्याय क्षेत्र मुरैना ही होगा। डाक पंजीयन चंबल क्रमांक जी-13-2/163/RNP/2025-27, email : sachtimes101@gmail.com

# चंबल का कर्मयोगी सपूत अमर रहेगा

## डॉ. रणसिंह परमार (भाई जी) की प्रथम जयंती पर बच्चों ने गुंजाया 'जय जगत', *सेवा और श्रमदान का लिया संकल्प



जौरा (निज संवाददाता)। चंबल अंचल के कर्मयोगी सपूत, महात्मा गांधी सेवा आश्रम, जौरा के पूर्व सचिव, एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय युवा योजना के सचिव, प्रख्यात महान् गांधीवादी समाजसेवी एवं एकता परिषद यात्राओं और जनांदोलनों के अग्रदूत जापान के अंतराष्ट्रीय निवेनो शांति पुरस्कार ( Niwano Peace Prize ) से सम्मानित राजागोपाल पी. व्ही.(राजू भाई ) के अनुयाई अनन्य सहयोगी सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय डॉ. रणसिंह परमार (भाई जी) की प्रथम जयंती शनिवार को भाई जी बाल मंदिर में अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और सादगी के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भाई जी बाल मंदिर के नन्हे विद्यार्थियों, महात्मा गांधी सेवा आश्रम परिवार तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

स्वर्गीय डॉ. रणसिंह परमार, विख्यात गांधीवादी समाजसेवी डॉ. एस. एन. सुब्बाराव (भाई जी) तथा एकता परिषद के संस्थापक एवं महात्मा गांधी सेवा आश्रम के अध्यक्ष डॉ. राजगोपाल पी. वी. (राजू भाई) के समर्पित अनुयायी रहे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। 13 मार्च 2026 को तिल्दा (रायपुर, छत्तीसगढ़) में उनका आकस्मिक निधन हुआ, किंतु अंतिम श्वास तक वे गरीबों, असहायों, वंचित समुदायों, किसानों और आदिवासियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहे। उनका जीवन त्याग, सेवा, संघर्ष और आत्मोत्सर्ग का जीवंत उदाहरण बन गया।

कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायी क्षण तब आया, जब भाई जी बाल मंदिर के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मीयता के साथ ' जय जगत' गीत प्रस्तुत किया । यह गीत डॉ. रणसिंह परमार के जीवन-दर्शन का अभिन्न हिस्सा था। बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया और पूरे परिसर में मानवता, प्रेम और विश्वबंधुत्व का संदेश गूंज उठा।

वक्ताओं ने कहा कि डॉ. रणसिंह परमार सच्चे अर्थों में कर्मयोगी, श्रमसाधक, पर्यावरण संरक्षक, कृषि-वैज्ञानिक, शिक्षाविद् और राष्ट्रनिर्माता थे। राष्ट्रीय युवा योजना के राष्ट्रीय सचिव के रूप में उन्होंने हजारों युवाओं के चरित्र निर्माण का कार्य किया तथा राष्ट्रीय शिविरों के माध्यम से सेवा, अनुशासन, स्वावलंबन और राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित किए। वे युवाओं को भाई जी का मूल मंत्र 'श्रमदान' केवल बताते ही नहीं थे, बल्कि स्वयं श्रम करके उसका जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते थे। उनके व्यक्तित्व ने असंख्य युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित किया।

एक उत्कृष्ट कृषि वैज्ञानिक के रूप में उन्होंने जैविक खेती, प्राकृतिक कृषि और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सतत प्रयासों से बड़ी संख्या में किसानों ने जैविक उत्पादन को अपनाया, जिससे स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिला। उन्होंने कुटीर उद्योगों और खादी ग्रामोद्योग को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया। उनके अथक प्रयासों से अंचल ही नहीं, बल्कि दूरस्थ क्षेत्रों तक खादी और ग्रामोद्योग गतिविधियों को नई पहचान मिली। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। उनके प्रयासों से वंचित एवं आदिवासी समुदायों के बच्चों के लिए शिक्षा केंद्र स्थापित हुए, जो आज भी प्रेरणा और सामाजिक परिवर्तन के केंद्र बने हुए हैं। उनका विश्वास था कि शिक्षा ही समाज को आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बना सकती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाई जी बाल मंदिर के डायरेक्टर जिम्मी जार्ज, एवं श्रीमती जिम्मी जार्ज,जगदीश शुक्ला, लक्ष्मीनारायण शर्मा, शीतल जैन, बहादुर सिंह कुशवाह, संजय सिंह जादौन, मुनेश भाई, महेंद्र सिंह बैस, सुधांशु मुद्गल, मयूर खोले, नरेश अर्गल, हरिओम जाटव, वीरेंद्र भाई सहित महात्मा गांधी सेवा आश्रम परिवार, भाई जी बाल मंदिर के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि डॉ. रणसिंह परमार भले ही आज हमारे बीच भौतिक रूप से उपस्थित नहीं हैं, लेकिन उनका महान व्यक्तित्व, श्रमदान की साधना, समाज सेवा का तप, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, ग्राम स्वराज, जैविक खेती और गरीबों के अधिकारों के लिए किया गया संघर्ष सदैव अमर रहेगा। आने वाली पीढ़ियाँ उनके आदर्शों का अनुसरण कर राष्ट्र निर्माण, मानव सेवा और सामाजिक न्याय के पथ पर आगे बढ़ती रहेंगी। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# लॉयंस क्लब आराध्या लायंस क्लब अनुभूति लायंस क्लब आध्या के सहयोग से साईं बाबा मंदिर पर प्रसाद वितरण किया गया




मुरैना (निज संवाददाता)। लायंस क्लब आराध्या के आतिथ्य में लॉयंस क्लब आराध्या, लायंस क्लब अनुभूति और लायंस क्लब आध्या के सहयोग से साईं बाबा मंदिर पर प्रसाद (Food for hunger) के माध्यम परमानेंट सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया ! उक्त सेवा कार्य में क्लब के करीब 10 सदस्यों द्वारा लगभग 190 लोगों को प्रसाद के रूप में कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित किया गया इस पुनीत अवसर पर लायंस क्लब के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे यह नेक कार्य आराध्या क्लब की अध्यक्ष कल्पना जी ने अपने हमसफर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में किया था जोन चेयरपर्सन लॉयन अशोक शर्मा द्वारा अनुभूति क्लब के सक्रिय सदस्य लॉयन प्रदीप अधौलिया का माल्यार्पण कर तथा मंत्रोच्चार के साथ भव्य जन्म दिवस मनाया गया

सेवा कार्य के इस अवसर पर

आराध्या क्लब से अध्यक्ष लॉयन कल्पना प्रदीप, सचिव लॉयन मंजू पाल , कोषाध्यक्ष लॉयन गीता सूर्यवंशी अनुभूति क्लब से अध्यक्ष लॉयन अंजू गर्ग सचिव लॉयन मनु शर्मा कोषाध्यक्ष लॉयन नीलम शर्मा तथा आध्या क्लब से अध्यक्ष लॉयन अलका अग्रवाल, सचिव लॉयन सरिता अग्रवाल, लॉयन नीलम गुप्ता, लॉयन गीता भटनागर मौजूद थीं



## एक मात्र वृक्ष ही है, पर्यावरण को बचाने का साधन :जाकिर हुसैन

मुरैना (निज संवाददाता)। सुजागृती समाज सेवी संस्था मुरैना द्वारा पौधा रोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों, खाली जमीनों, खेतों की मीहडौं और अपने आस-पास के क्षेत्रों में फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए जा रहे हैं ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित और सतत भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। आज दिनांक 18/7/2026 को कोलूडाडा में 10 पौधों का रोपण किया गया।

# 'छात्रावासों की बदहाली पर फूटा एससी आयोग अध्यक्ष का गुस्सा, बोले- अव्यवस्थाएं नहीं सुधरीं तो कुर्सियां जाएंगी '

जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता



प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. कैलाश जाटव का बड़ा ऐलान– एससी छात्रावासों में अब एससी वर्ग के अधीक्षक ही होंगे नियुक्त, शिकायत मिलते ही होगी सख्त कार्रवाई

श्योपुर। मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने अपने तीन दिवसीय श्योपुर प्रवास के दौरान शनिवार को शहर के पाली रोड स्थित राधिका विलास होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिले की अनुसूचित जाति छात्रावासों की बदहाल व्यवस्थाओं पर खुलकर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि छात्रावासों में मिली लापरवाही और अव्यवस्थाएं किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। जो अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, उन्हें प्रशासनिक पदों पर बने रहने का अधिकार नहीं होगा।

प्रेस वार्ता में डॉ. कैलाश जाटव ने पत्रकारों के सवालों का बेबाकी से जवाब देते हुए कहा कि उनका श्योपुर प्रवास केवल औपचारिक नहीं था, बल्कि उन्होंने स्वयं छात्रावासों, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न व्यवस्थाओं का जमीनी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामने आई खामियों ने उन्हें गंभीर चिंता में डाल दिया है।

सफाई बदहाल, शौचालय जर्जर, पेयजल संकट और भोजन व्यवस्था भी सवालों के घेरे में

डॉ. कैलाश जाटव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अनुसूचित जाति छात्रावासों में गंदगी का अंबार, शौचालयों की जर्जर स्थिति, कई स्थानों पर शौचालयों में दरवाजों का अभाव, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होना तथा भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिलना जैसी गंभीर कमियां सामने आईं।

उन्होंने कहा कि छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानजनक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिलना उनका अधिकार है। यदि अधिकारी इस दिशा में गंभीर नहीं हैं तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होना तय है।

**उन्होंने दो टूक कहा—**

'जो अधिकारी छात्रावासों की व्यवस्था पर ध्यान नहीं देंगे, वे प्रशासनिक पदों पर नहीं रह पाएंगे। जवाबदेही तय होगी और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई भी होगी। '

**एससी छात्रावासों में अब एससी वर्ग के अधीक्षक ही होंगे नियुक्त** प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ. जाटव ने एक महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि निरीक्षण में यह भी सामने आया कि कई अनुसूचित जाति छात्रावासों में अन्य वर्गों के अधीक्षक पदस्थ हैं।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि अनुसूचित जाति छात्रावासों में अधीक्षक के पद पर प्राथमिकता से अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि छात्र-छात्राओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ समझा और उनका त्वरित समाधान किया जा सके।

**पत्रकारों से कहा— सीधे मुझे बताइए, कार्रवाई की जिम्मेदारी मेरी** डॉ. कैलाश जाटव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हुए कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े किसी भी गांव, छात्रावास, शासकीय योजना, विकास कार्य या अन्य किसी भी प्रकार की समस्या की जानकारी सीधे उन्हें मोबाइल कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से दी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि–

'यदि कहीं भी अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ अन्याय, योजनाओं में लापरवाही या विकास कार्यों में गड़बड़ी दिखाई दे तो तुरंत मुझे सूचना दें। आयोग हर शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई करेगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। '

**पत्रकारों के सवालों का दिया बेबाक जवाब**

प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों ने छात्रावासों की स्थिति, अनुसूचित जाति वर्ग के विकास, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल पूछे। डॉ. कैलाश जाटव ने सभी प्रश्नों का विस्तार से उत्तर देते हुए कहा कि आयोग का उद्देश्य केवल समीक्षा बैठकें करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर बदलाव लाना है।

उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिलें और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई हो– इसी उद्देश्य से वे स्वयं जिलों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में डॉ. कैलाश जाटव ने भरोसा दिलाया कि श्योपुर में सामने आई सभी कमियों पर आयोग गंभीरता से कार्रवाई करेगा तथा संबंधित विभागों से जवाब-तलब कर व्यवस्थाओं में सुधार सुनिश्चित कराया जाएगा।

# छात्रावासों की बदहाली पर फूटा एससी आयोग अध्यक्ष का गुस्सा, बोले- अव्यवस्थाएं नहीं सुधरीं तो कुर्सियां जाएंगी '

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. कैलाश जाटव का बड़ा ऐलान– एससी छात्रावासों में अब एससी वर्ग के अधीक्षक ही होंगे नियुक्त, शिकायत मिलते ही होगी सख्त कार्रवाई

जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता




श्योपुर। मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने अपने तीन दिवसीय श्योपुर प्रवास के दौरान शनिवार को शहर के पाली रोड स्थित राधिका विलास होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिले की अनुसूचित जाति छात्रावासों की बदहाल व्यवस्थाओं पर खुलकर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि छात्रावासों में मिली लापरवाही और अव्यवस्थाएं किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। जो अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, उन्हें प्रशासनिक पदों पर बने रहने का अधिकार नहीं होगा।

प्रेस वार्ता में डॉ. कैलाश जाटव ने पत्रकारों के सवालों का बेबाकी से जवाब देते हुए कहा कि उनका श्योपुर प्रवास केवल औपचारिक नहीं था, बल्कि उन्होंने स्वयं छात्रावासों, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न व्यवस्थाओं का जमीनी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामने आई खामियों ने उन्हें गंभीर चिंता में डाल दिया है।

सफाई बदहाल, शौचालय जर्जर, पेयजल संकट और भोजन व्यवस्था भी सवालों के घेरे में

डॉ. कैलाश जाटव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अनुसूचित जाति छात्रावासों में गंदगी का अंबार, शौचालयों की जर्जर स्थिति, कई स्थानों पर शौचालयों में दरवाजों का अभाव, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होना तथा भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिलना जैसी गंभीर कमियां सामने आईं।

उन्होंने कहा कि छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानजनक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिलना उनका अधिकार है। यदि अधिकारी इस दिशा में गंभीर नहीं हैं तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होना तय है।

उन्होंने दो टूक कहा–

'जो अधिकारी छात्रावासों की व्यवस्था पर ध्यान नहीं देंगे, वे प्रशासनिक पदों पर नहीं रह पाएंगे। जवाबदेही तय होगी और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई भी होगी। '

एससी छात्रावासों में अब एससी वर्ग के अधीक्षक ही होंगे नियुक्त

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ. जाटव ने एक महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि निरीक्षण में यह भी सामने आया कि कई अनुसूचित जाति छात्रावासों में अन्य वर्गों के अधीक्षक पदस्थ हैं।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि अनुसूचित जाति छात्रावासों में अधीक्षक के पद पर प्राथमिकता से अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि छात्र-छात्राओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ समझा और उनका त्वरित समाधान किया जा सके।

पत्रकारों से कहा– सीधे मुझे बताइए, कार्रवाई की जिम्मेदारी मेरी

डॉ. कैलाश जाटव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हुए कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े किसी भी गांव, छात्रावास, शासकीय योजना, विकास कार्य या अन्य किसी भी प्रकार की समस्या की जानकारी सीधे उन्हें मोबाइल कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से दी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि–

'यदि कहीं भी अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ अन्याय, योजनाओं में लापरवाही या विकास कार्यों में गड़बड़ी दिखाई दे तो तुरंत मुझे सूचना दें। आयोग हर शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई करेगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। 'पत्रकारों के सवालों का दिया बेबाक जवाब

प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों ने छात्रावासों की स्थिति, अनुसूचित जाति वर्ग के विकास, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल पूछे। डॉ. कैलाश जाटव ने सभी प्रश्नों का विस्तार से उत्तर देते हुए कहा कि आयोग का उद्देश्य केवल समीक्षा बैठकें करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर बदलाव लाना है।

उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिलें और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई हो– इसी उद्देश्य से वे स्वयं जिलों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में डॉ. कैलाश जाटव ने भरोसा दिलाया कि श्योपुर में सामने आई सभी कमियों पर आयोग गंभीरता से कार्रवाई करेगा तथा संबंधित विभागों से जवाब-तलब कर व्यवस्थाओं में सुधार सुनिश्चित कराया जाएगा।

# जनप्रतिनिधि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : डॉ. कैलाश जाटव

## संवाद कार्यक्रम में बोले एससी आयोग अध्यक्ष, समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए बनेगा नया सॉफ्टवेयर

जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता






श्योपुर। मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने कहा कि नगरीय निकायों एवं पंचायतों के जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी केवल विकास कार्य कराना ही नहीं, बल्कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी जनप्रतिनिधि समर्पित भाव से कार्य करें।

वे होटल राधिका विलास में आयोजित जनप्रतिनिधियों के संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहर सिंह आदिवासी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कराहल हरनाथ देवरिया, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अकोदिया, पूर्व जिला अध्यक्ष पूरण आर्य सहित जनपद सदस्य, पार्षद, सरपंच एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए तैयार होगा नया सॉफ्टवेयर :** डॉ. कैलाश जाटव ने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आयोग स्तर पर एक आधुनिक सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। इस प्लेटफॉर्म पर शिकायतकर्ता फोटो एवं वीडियो भी अपलोड कर सकेंगे। इसके माध्यम से विकास कार्यों एवं अन्य समस्याओं की ऑनलाइन जानकारी आयोग तक पहुंचेगी, जिस पर तत्काल संज्ञान लेकर समाधान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से शिकायतों के निराकरण में पारदर्शिता और गति दोनों आएंगी।

**जनप्रतिनिधि निभाएं सक्रिय भूमिका :** सीताराम आदिवासी ने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

गुड्डी बाई आदिवासी ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने सभी वर्गों को सम्मानजनक प्रतिनिधित्व दिया है। समावेशी सोच के कारण आज अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोग विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

शशांक भूषण ने कहा कि डॉ. कैलाश जाटव अपने अनुभव और सरल कार्यशैली से लोगों की समस्याओं का प्रभावी निराकरण कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में लागू वीबी जी रामजी योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के तहत पंचायतों में 318 प्रकार के विकास कार्य कराए जा सकते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

**जनप्रतिनिधियों ने रखे सुझाव, आयोग अध्यक्ष ने दिया समाधान का भरोसा :** संवाद कार्यक्रम के दौरान वीरमदेव बिसारिया, महेश कुमार जोनवार, सुमेर सिंह, सुरेश मीणा, बाबू सिंह यादव, रामरूप बिसारिया, हरनाथ देवरिया, सुल्तान जाटव, रामस्वरूप जाटव एवं रामरूप मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं एवं सुझाव आयोग अध्यक्ष के समक्ष रखे।

# उल्लास अभियान के तहत ग्राम दुर्गापुरी में हुआ पौधरोपण

*न्यायाधीशों एवं ग्रामीणों ने लगाए फलदार और छायादार पौधे, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प*

जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता

श्योपुर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बी.एल. प्रजापति की गरिमामयी उपस्थिति में ग्राम दुर्गापुरी में उल्लास अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से आम, अमरूद, शीशम, जामुन सहित विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को इन पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प दिलाया गया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सके।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष बी.एल. प्रजापति ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। वृक्ष केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। अधिक से अधिक पौधे लगाकर और उनका संरक्षण कर हम पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम में सुशील कुमार (विशेष न्यायाधीश), प्रतिष्ठा अवस्थी (तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश), संध्या मरावी (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित अन्य न्यायाधीशगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

cmyk

# एससी आयोग अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव के समक्ष पार्षद सुमेर सिंह ने उठाए दलित बस्ती के अहम मुद्दे

अंबेडकर नगर में हाई स्कूल, बाउंड्रीवाल, छात्रावासों की अनियमितताओं और सफाई व्यवस्था को लेकर सौंपे अलग-अलग ज्ञापन

जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता

श्योपुर। मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव के श्योपुर प्रवास के दौरान वार्ड क्रमांक-11 के पार्षद एवं कांग्रेस सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुमेर सिंह ने अनुसूचित जाति एवं गरीब वर्ग से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। ज्ञापनों में शिक्षा, छात्रावास, नगर पालिका की भूमि पर अतिक्रमण, सफाई व्यवस्था और दलित बस्तियों की मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए आयोग से हस्तक्षेप की मांग की गई।

**अंबेडकर नगर में हाई स्कूल और बाउंड्रीवाल की उठाई मांग :** पहले ज्ञापन में पार्षद सुमेर सिंह ने बताया कि अंबेडकर नगर स्थित मंगल भवन परिसर की नगर पालिका भूमि पर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं, जहां दलित बस्ती के सैकड़ों बच्चे अध्ययनरत हैं तथा दो आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित हो रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका की इस शासकीय भूमि पर धीरे-धीरे भू-माफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर प्लॉट काटे जा रहे हैं, जिससे सरकारी भूमि लगातार सिमटती जा रही है। उन्होंने मांग की कि पूरे परिसर की चारदीवारी (बाउंड्रीवाल) बनाकर शासकीय भूमि को सुरक्षित किया जाए और अवैध कब्जों को हटाया जाए।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मंगल भवन परिसर के आसपास झाड़ियां और गंदगी फैली हुई है तथा गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले कई स्थानों पर जाम पड़े हैं। इससे बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। इसलिए नियमित सफाई के साथ-साथ पक्का नाला निर्माण कराने की भी मांग की गई।

**दलित बच्चों के लिए हाई स्कूल खोलने की मांग**



पार्षद सुमेर सिंह ने बताया कि वार्ड क्रमांक 10, 11, 12, 13, 14 एवं 15 के विद्यार्थियों को हाई स्कूल की पढ़ाई के लिए लगभग 5 से 6 किलोमीटर दूर स्थित विद्यालयों तक जाना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के अनेक बच्चे दूरी और खर्च के कारण बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं।

उन्होंने आयोग अध्यक्ष से मांग की कि नगर पालिका की लगभग 12 से 15 बीघा उपलब्ध शासकीय भूमि पर हाई स्कूल की स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी पूर्व में ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**छात्रावासों में अनियमितताओं का भी उठाया मुद्दा**

ज्ञापन में पार्षद ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावासों में व्याप्त अनियमितताओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार एससी एवं एसटी छात्रावासों में संबंधित वर्ग के अधीक्षक नियुक्त किए जाने चाहिए, लेकिन जिले के कई छात्रावासों में सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधीक्षक पदस्थ हैं। उन्होंने आयोग अध्यक्ष से मांग की कि शासन के नियमों के अनुरूप संबंधित वर्ग के योग्य अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि छात्र-छात्राओं को बेहतर वातावरण और संवेदनशील प्रशासन मिल सके।

**दूसरे ज्ञापन में सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी**

दूसरे ज्ञापन में पार्षद सुमेर सिंह ने वार्ड क्रमांक-11 की सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका अध्यक्ष एवं सफाई दरोगा द्वारा मनमाने तरीके से वार्ड से सफाई कर्मचारियों को हटा दिया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

ज्ञापन में कहा गया कि पहले वार्ड में पांच सफाई कर्मचारी कार्यरत थे, लेकिन बिना किसी लिखित आदेश के दो कर्मचारियों को अन्यत्र भेज दिया गया। कई बार नगर पालिका अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई।

उन्होंने आयोग अध्यक्ष से मांग की कि वार्ड में पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों की पुनः तैनाती कर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि नागरिकों को गंदगी और बीमारियों से राहत मिल सके। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद डॉ. कैलाश जाटव ने संबंधित मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई एवं परीक्षण कराने का आश्वासन दिया।

# मुरैना में भव्यता से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, सुरजीत महाराज सिंह जी ने किया भव्य स्वागत



मुरैना (निज संवाददाता)। आस्था और श्रद्धा के प्रतीक भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा 18 जुलाई, दोपहर 2:00 बजे, स्त्र रोड से बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ निकाली गई।

यात्रा के दौरान SP बंगले के बगल में स्थित अपने निवास स्थान पर सुरजीत महाराज सिंह जी ने अपने समस्त साथियों के साथ भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा का भव्य स्वागत किया।

सुरजीत महाराज सिंह जी के साथ नितीश गर्ग, संजीव वर्मा, आशीष मित्तल, मनोज बंसल, एवं अजय दुबे ने पुष्प वर्षा कर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी का अभिनंदन किया। रथयात्रा में पधारे समस्त संतगण, गणमान्य अतिथि एवं हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तजनों का भी सुरजीत महाराज सिंह जी एवं उनके साथियों ने पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। पूरे वातावरण में 'जय जगन्नाथ' के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

सुरजीत महाराज सिंह जी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक है। इस आयोजन को सफल बनाने में सभी भक्तों का विशेष योगदान रहा।

# विशेष लोक अदालत में 8 मामलों का हुआ निराकरण, रू. 34.44 लाख की राशि की वसूली

**जिला न्यायालय श्योपुर एवं तहसील न्यायालय विजयपुर में एनआई एक्ट की धारा 138 के मामलों का त्वरित निपटारा**

**जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता**

श्योपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बी.एल. प्रजापति के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय श्योपुर एवं तहसील न्यायालय विजयपुर में परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) की धारा 138 के अंतर्गत विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला न्यायालय श्योपुर में विशेष लोक अदालत का शुभारंभ तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तथा पीठासीन अधिकारी बबीता होरा शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा सूर्यवंशी मजुमदार, द्वितीय सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड) अमोघ अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

विशेष लोक अदालत में जिला न्यायालय श्योपुर एवं तहसील न्यायालय विजयपुर में गठित कुल तीन खंडपीठों द्वारा एनआई एक्ट की धारा 138 से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान कुल 8 प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया तथा ?34,44,361 (चौंतीस लाख चवालीस हजार तीन सौ इकसठ रुपये) की राशि की वसूली कर संबंधित पक्षों को राहत प्रदान की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि विशेष लोक अदालतों का उद्देश्य पक्षकारों को त्वरित, सरल एवं कम खर्चीला न्याय उपलब्ध कराना है। आपसी समझौते के माध्यम से मामलों के निपटारे से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का भार भी कम होता है और दोनों पक्षों को शीघ्र न्याय मिलता है।

# स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल में हुई जोरदार टक्कर, दो लोगों की घटना स्थल पर ही मृत्यु

*घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से शीघ्र पहुंचाया गया, जय रोग मेडिकल कॉलेज ग्वालियर*

**भिण्ड, लहार /अशोक सिंह नरवरिया**



108 एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार घटना शनिवार सुबह 11 बजे के लगभग लहार के पास जमुहाँ भटपुरा मोड़ पर बाइक और स्कार्पियो में एक्सीडेंट हो गया जिसमें 2 लोग की मौक़े पर ही मौत हो गयी और एक लड़की घायल हो गई थी, जिसे पहले लहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहार लाया गया प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल लड़की की गंभीर अवस्था को देखते हुए, ग्वालियर रेफर कर दिया गया था, रेफर की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौक़े पर पहुंची और घायल प्रिंसी उम्र 18 साल निवासी पासनी नदीगांव उत्तरप्रदेश को सकुशल ज्यारोग्य मेडिकल कॉलेज ग्वालियर भर्ती करवाया गया, घायल प्रिंसी का ग्वालियर में इलाज जारी है!, जिससे उसकी जान बचाई जा सके


# मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ (इंटक) ने परीक्षण सहायक (संविदा) की वर्षों पुरानी वेतन विसंगति दूर, संगठन ने माननीय ऊर्जा मंत्री का जताया आभार

मुरैना (निज संवाददाता)। मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ (इंटक) के संस्थापक स्वर्गीय श्री एल.के. दुबे जी द्वारा वर्षों पूर्व प्रारंभ किए गए संघर्ष, संगठन के सतत प्रयासों तथा माननीय ऊर्जा मंत्री, मध्य प्रदेश शासन के श्रमिक हितैषी एवं दूरदर्शी निर्णयों के परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा दिनांक 14 जुलाई 2026 को आदेश क्रमांक 1161240/2026 जारी कर परीक्षण सहायक (संविदा) की लंबे समय से लंबित वेतन विसंगति के निराकरण का निर्णय लिया गया है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शशि शेखर श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2023 में माननीय ऊर्जा मंत्री जी के समक्ष परीक्षण सहायक (संविदा) के वेतन निर्धारण में व्याप्त विसंगति को प्रमुखता से उठाया गया था। माननीय मंत्री जी ने विषय की गंभीरता को देखते हुए ऊर्जा विभाग के माध्यम से प्रकरण का परीक्षण कराने के निर्देश दिए थे। उसी प्रक्रिया के क्रम में अब कंपनी प्रबंधन द्वारा संशोधित वेतन निर्धारण का आदेश जारी किया गया है, जिससे संविदा परीक्षण सहायकों को न्याय मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। संगठन का मानना है कि यह निर्णय केवल वेतन विसंगति का समाधान नहीं, बल्कि संविदा कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके मनोबल को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ (इंटक) माननीय ऊर्जा मंत्री, मध्य प्रदेश शासन एवं श्री नीरज मंडलोई अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मध्य प्रदेश शासन, श्री ऋषि गर्ग , प्रबंध संचालक मध्य क्षेत्र के प्रति हृदय से आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करता है।

संगठन , माननीय ऊर्जा मंत्री जी के संज्ञान में यह लाना चाहता है कि परीक्षण सहायक संविदा की वेतन विसंगति वर्ष 2018 से आ रही है। प्रबंधन द्वारा उक्त आदेश में वर्ष 2018 से वेतन निर्धारण काल्पनिक रूप से करने हेतु आदेश जारी किया गया है जिसका कर्मचारियों को वर्ष 2018 से एरियर के साथ भुगतान किया जाना उचित होगा।

# ग्राम डेहरवारा में : घर से लापता दो चचेरी बहनों की लाश कुएं में मिली,चप्पलों से मिला सुराग....

शिवपुरी (निज संवाददाता)। शिवपुरी जिले के कोलारस अनुविभाग के तेंदुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत डेहरवारा गांव में दो नाबालिग चचेरी बहनों की मौत होने की खबर मिल रही है। गुरुवार शाम से घर से लापता दोनों 16 वर्षीय किशोरियों के शव शुक्रवार को गांव के एक कुएं से बरामद हुए। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है, वहीं मौत के कारणों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या और हत्या, दोनों कोणों से देखा जा रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए कोलारस भेज दिया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट होने की बात कही है। गुरुवार शाम से थीं लापता जानकारी के अनुसार डेहरवारा गांव निवासी पूनम धाकड़ (16 वर्ष), पिता राजेन्द्र सिंह धाकड़ और कीर्ति धाकड़ (16 वर्ष), पिता सुघर सिंह धाकड़ गुरुवार देर शाम अपने-अपने घरों से अचानक लापता हो गई थीं। दोनों आपस में चचेरी बहनें थीं और एक-दूसरे के साथ अक्सर रहती थीं। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन उनका कोई



पता नहीं चला। इसके बाद मामले की सूचना तेंदुआ थाना पुलिस को दी गई और गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

चप्पलों से मिला सुराग, कुएं से निकले शव शुक्रवार सुबह गांव के जय कॉन्वेंट स्कूल के पास स्थित एक कुएं के घाट पर कुछ ग्रामीणों ने चप्पलें पड़ी देखीं। आशंका होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। परिजनों ने चप्पलों की पहचान लापता किशोरियों में से एक की बताई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सरपंच और ग्रामीणों की मौजूदगी में मोटर लगाकर कुएं का पानी निकालना शुरू किया गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद जब पानी का स्तर नीचे पहुंचा तो कुएं के अंदर दोनों किशोरियों के शव दिखाई दिए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों शव बाहर निकलवाए और पोस्टमार्टम के लिए कोलारस अस्पताल भेज दिए। पर्स में मिली पर्ची, जांच में नया पहलू मृतका पूनम के पिता *राजेन्द्र सिंह धाकड़ ने बताया कि उनकी बेटी के पर्स से एक पर्ची मिली है, जिस पर किसी लडके का मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। इस पर्ची को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और नंबर की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह नंबर किसका है और उसका इस घटना से कोई संबंध है या नहीं।

हत्या या आत्महत्या? कई सवालों के जवाब बाकी घटना के बाद गांव में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ लोग इसे प्रेम-प्रसंग (लव एंगल) से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि कुछ ग्रामीणों को हत्या की आशंका भी है। हालांकि पुलिस ने अभी किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि यह आत्महत्या का मामला है तो दोनों चचेरी बहनों ने एक साथ इतना बड़ा कदम क्यों उठाया? यदि हत्या हुई है तो दोनों को कुएं तक कौन लेकर गया और घटना के पीछे क्या वजह थी? इन सभी सवालों के जवाब फिलहाल जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आ सकेंगे।


पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस परिवार के सदस्यों, ग्रामीणों और किशोरियों के परिचितों से भी पूछताछ कर रही है। दो किशोरियों की एक साथ हुई इस दर्दनाक मौत ने पूरे डेहरवारा गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। गांव में शोक का माहौल है और हर कोई यही जानना चाहता है कि आखिर दोनों बहनों के साथ ऐसा क्या हुआ, जिसने उनकी जिंदगी को इस दर्दनाक अंजाम तक पहुंचा दिया।

# इंसानियत का फायदा उठा शातिर ने लूटा गरीब मजदूर, परिवार का पेट पालने के लिए रखे 9 हजार पर हाथ साफ

शिवपुरी (निज संवाददाता)। जिले के रहने वाले एक मजदूर के साथ जबलपुर रेलवे स्टेशन पर कुछ ऐसा हुआ जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया है। सोलापुर की एक धागा फैक्ट्री में मजदूरी कर परिवार का पेट पालने वाले धनवंत सिंह बघेल जब मेहनत की कमाई लेकर घर लौट रहे थे, तो एक शातिर ठग ने मदद का बहाना बनाकर उनकी मेहनत की कमाई पर हाथ साफ कर दिया।

घटना 16 जुलाई की है, जब धनवंत सोलापुर से वापस अपने गांव काली पहाड़ी मेड़ा श्यामपुर लौट रहे थे। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, जबलपुर स्टेशन पर टिकट लेते समय एक अज्ञात व्यक्ति ने बड़ी चालाकी से धनवंत का यूपीआई पिन देख लिया। इसके बाद वह उसी ट्रेन में सवार हो गया और धनवंत को अपनी बातों के जाल में फंसा लिया। सफर के दौरान उस ठग ने बेहद भावुक होकर कहा कि उसकी पत्नी की तबीयत बहुत खराब है और उसे तुरंत पैसों की जरूरत है।

मदद के नाम पर उस शातिर ने धनवंत से उनका मोबाइल फोन मांगा। जैसे ही धनवंत ने सहानुभूति में अपना फोन उसे दिया, ठग ने पलक झपकते ही उनके बैंक खाते से 9 हजार रुपये की राशि 'रविकांत चौबे' नाम के यूपीआई खाते में ट्रांसफर कर ली। पैसे ट्रांसफर करने के बाद ठग ने



बड़ी सफाई से फोन वापस किया और पानी लाने का बहाना बनाकर ट्रेन से गायब हो गया। जब तक धनवंत को माजरा समझ आता, ठग रफूचक्कर हो चुका था।

इस घटना के बाद सदमे में आए धनवंत ने आज शनिवार की दोपहर 3 बजे शिवपुरी एसपी कार्यालय और साइबर क्राइम सेल का दरवाजा खटखटाया है। अपनी शिकायत में उन्होंने बताया कि वह एक गरीब मजदूर हैं और यह राशि उनके परिवार के लिए बहुत मायने रखती है।

# ऐतिहासिक नरवर किले से 500 वर्ष पुरानी बेशकीमती अष्टधातु की तोप लूट ले गए हथियारबंद बदमाश; क्षेत्र में भारी आक्रोश...

**क्रेन और ट्रक लेकर पहुंचे थे 25 से अधिक डकैत, सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाकर वारदात को दिया अंजाम**

**पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह ने कलेक्टर-स्क्को पत्र लिख कर दी जनआंदोलन की चेतावनी, तोप बरामदगी के लिए दिया 31 जुलाई तक का समय**



शिवपुरी (निज संवाददाता)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के अंतर्गत आने वाले विश्वप्रसिद्ध व ऐतिहासिक नरवर किले में एक बेहद गंभीर और दुस्साहसिक वारदात सामने आई है। प्राप्त समाचारों के अनुसार, 25 से अधिक सशस्त्र (हथियारबंद) बदमाशों ने किले पर धावा बोलकर वहां रखी 16वीं शताब्दी की अमूल्य और ऐतिहासिक अष्टधातु निर्मित तोप को लूट लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि बदमाश इस भारी-भरकम तोप को ले जाने के लिए अपने साथ बकायदा क्रेन और ट्रक जैसे भारी वाहन लेकर आए थे।

बताया जा रहा है कि किले में दाखिल होने के बाद बदमाशों ने वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया और करीब 500 वर्ष पुरानी इस ऐतिहासिक धरोहर को क्रेन की मदद से ट्रक पर लादकर आसानी से फरार हो गए। इस सनसनीखेज वारदात के बाद से पूरे जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश में प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं।

**विधायक कैलाश कुशवाह ने शासन-प्रशासन को घेरा**

पोहरी विधानसभा क्षेत्र (क्षेत्र क्रमांक 24) के विधायक श्री कैलाश कुशवाह ने इस घटना पर गहरा दुख और रोष व्यक्त किया है। उन्होंने इस संबंध में जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक (स्क्क) शिवपुरी को एक पत्र (क्रमांक 2026/304) जारी कर अपराधियों के खिलाफ तत्काल और कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

विधायक कैलाश कुशवाह ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि यह घटना केवल चोरी की एक सामान्य वारदात नहीं है, बल्कि देश और प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक धरोहर पर एक सोची-समझी और सुनियोजित साजिश के तहत किया गया हमला है। नरवर किला न केवल मध्य प्रदेश बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष की गौरवशाली विरासत का अनूठा प्रतीक है। इतनी बड़ी संख्या में बदमाशों का क्रेन और ट्रक लेकर किले के भीतर तक पहुंच जाना और सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाकर इतनी बड़ी ऐतिहासिक धरोहर को गायब कर देना, जिले की कानून-व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र की नाकामी को दर्शाता है।

**31 जुलाई तक तोप बरामद न होने पर जनआंदोलन की चेतावनी**

विधायक ने जिला प्रशासन और पुलिस को अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए इस पूरे प्रकरण का शीघ्र खुलासा किया जाए और लूटी गई तोप को बरामद किया जाए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि दिनांक 31 जुलाई 2026 तक इस ऐतिहासिक तोप की सुरक्षित बरामदगी नहीं की जाती है, तो वे क्षेत्र की जनता के हितों और भावनाओं की रक्षा के लिए एक विशाल जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

इस बड़ी वारदात के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है, परंतु अभी तक बदमाशों या तोप का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। स्थानीय निवासियों में भी इस ऐतिहासिक धरोहर की चोरी को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

# शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें, 6 से 14 वर्ष का कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे- डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार...

***विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक में शिक्षा व्यवस्था की हुई विस्तृत समीक्षा, उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाला प्रभारियों का सम्मान***

***बैठक से अनुपस्थित शिक्षकों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस***

शिवपुरी, 18 जुलाई 2026/ कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार करैरा विकासखंड में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) श्री दफेदार सिंह सिकरवार ने शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, नामांकन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, अपार आईडी, एफएलएन, उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान तथा अन्य योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में विकासखंड के शाला प्रभारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में डीपीसी श्री सिकरवार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 6 से 14 वर्ष आयु का कोई भी बच्चा विद्यालय में प्रवेश से वंचित नहीं रहना चाहिए। प्रत्येक विद्यालय अपने क्षेत्र में घर-घर संपर्क कर पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि नामांकन के साथ-साथ विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और सीखने के स्तर में सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। अपार आईडी निर्माण, एफएलएन गतिविधियों




तथा शासन की प्राथमिकता वाले सभी कार्यक्रमों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण, शैक्षणिक वातावरण, छात्र-छात्राओं की प्रगति, विद्यालय परिसर की स्वच्छता तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। जिन विद्यालयों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया, उन्हें निर्धारित समय-सीमा में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

डीपीसी श्री सिकरवार ने कहा कि करैरा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर चयनित 20 मॉडलों में से 13 मॉडल करैरा विकासखंड के हैं, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने नारही की उस छात्रा का भी उल्लेख किया, जिसे उत्कृष्ट उपलब्धि पर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसे उदाहरण अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं।

बैठक में उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि विकासखंड में अब तक बड़ी संख्या में असाक्षरों का पंजीयन किया जा चुका है। प्रधानमंत्री जी के वर्ष 2027 तक देश को पूर्ण साक्षर बनाने के संकल्प को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों एवं शाला प्रभारियों से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाला प्रभारी रवि तिवारी, भानुप्रताप सिंह परमार सहित अन्य शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

अशासकीय विद्यालयों के संचालकों को विद्यालय वाहनों की फिटनेस, वैध दस्तावेज, चालकों के लाइसेंस, गाइड की उपलब्धता तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित मॉनिटरिंग तथा विद्यालय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने पर जोर दिया।

बैठक में एपीसी श्री उमेश करारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री मुकेश शर्मा, बीआरसी श्री विनोद तिवारी, संकुल प्राचार्य, बीएसी, जन शिक्षक, अशासकीय विद्यालय संघ के पदाधिकारी तथा विकासखंड के समस्त शाला प्रभारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है ई-20 पेट्रोल

देश में पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण (ई-20) को अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि, इस बदलाव को लेकर वाहन मालिकों और विशेषज्ञों के बीच व्यापक विमर्श और कुछ चिंताएं भी सामने आ रही हैं। सरकार ने देश के ऊर्जा सुरक्षा, कम कार्बन उत्सर्जन और कृषि आय बढ़ाने के लक्ष्यों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। ई-20 पेट्रोल भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का एक बड़ा प्रतीक माना जा रहा है। ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि ई-20 पेट्रोल किस प्रकार आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत कर रहा है?

वास्तव में, ई-20 पेट्रोल भारत की ऊर्जा सुरक्षा, किसान कल्याण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सोचा-समझा, वैज्ञानिक कदम है। यह कोई अचानक या जल्दबाजी का फैसला नहीं है। वर्ष 2001 में शुरू हुए पायलट प्रोजेक्ट से लेकर आज तक दो दशकों से अधिक के वैज्ञानिक परीक्षण, वाहन मूल्यांकन, इंजन मॉडिफिकेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के बाद इसे लागू किया गया है।

सरकार और पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, ई-20 पेट्रोल से विदेशी मुद्रा की भारी बचत होती है और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम होती है। वर्तमान में भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। एथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम की वजह से देश अब तक लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बचा चुका है। कच्चे तेल के आयात बिल में सालाना करीब 30,000 से 40,000 करोड़ रुपये की बड़ी बचत हो रही है।

देश को हर साल करीब 1450 करोड़ लीटर एथेनॉल की जरूरत है, जबकि हमारी उत्पादन क्षमता 1750-1800 करोड़ लीटर तक पहुंच चुकी है। एथेनॉल सिर्फ गन्ने से नहीं, बल्कि मोलासेस, मक्का, टूटे चावल, पराली और बांस से भी बनाया जा रहा है। इससे करीब 2 लाख करोड़ रुपए का तेल आयात बचा है, प्रदूषण कम हुआ है और किसानों की आय बढ़ी है। स्थानीय स्तर पर बायो-रिफाइनरीज खुलने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं।

ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया और तेल कंपनियों द्वारा गहन वैज्ञानिक परीक्षणों के बाद ही इसे देशभर में लागू किया गया है। भारत ने समय से पहले एथेनॉल ब्लेंडिंग के लक्ष्यों को हासिल कर ब्राजील और अमेरिका जैसे देशों की कतार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2023 से ही सभी वाहन निर्माताओं के लिए ऐसे वाहनों का उत्पादन अनिवार्य कर दिया था जो ई-20 पेट्रोल को बिना किसी परेशानी के झेल सकें। भारत स्टेज गाड़ियों में ई-10 पहले से ही इस्तेमाल हो रहा था। ई-20 के लिए फ्यूल सिस्टम, सील और इंजेक्टर को अपग्रेड किया गया है। भारतीय ऑटोमोबाइल निर्माता जैसे मारुति सुजुकी, टोयोटा और हीरो मोटोकॉर्प अब व्यापक रूप से ई-20 और फ्लेक्स-फ्यूल (ई85/ई100) इंजन वाली गाड़ियां बना रहे हैं।

ई-20 पेट्रोल को लेकर उपभोक्ताओं और वाहन मालिकों की भी चिंताएं हैं। केंद्रीय परिवहनमंत्री नितिन गडकरी का दावा है कि ई-20 पेट्रोल की व्यापक टेस्टिंग की गई है और ऐसी कोई प्रमाणित रिपोर्ट नहीं है, जो यह साबित करे कि केवल ई-20 से इंजन खराब हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक, माइलेज सड़क और ट्रैफिक की स्थिति पर निर्भर करता है। एथेनॉल की कैलोरी वैल्यू पेट्रोल से थोड़ी कम होती है, इसलिए कुछ परिस्थितियों में मामूली अंतर आ सकता है। लेकिन एथेनॉल सस्ता है, प्रदूषण कम करता है और फ्लेक्स-फ्यूल इंजन आने के बाद यह अंतर और कम हो जाएगा।

तेल मंत्रालय ने भी स्वीकार किया है कि ई-20 ईंधन के इस्तेमाल से गाड़ियों के माइलेज में लगभग 3-5 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। जानकारों का मानना है कि, 2023 से पहले के निर्मित वाहनों पर लंबे समय तक ई-20 पेट्रोल इस्तेमाल करने से माइलेज कम हो सकता है और फ्यूल सिस्टम पर असर पड़ सकता है। पुराने वाहनों जो ई-20 के लिए प्रमाणित नहीं हैं, में फ्यूल इंजेक्टर और इंजन के पुर्जों में जंग और खराबी की शिकायतें आ सकती है।

गौरतलब है कि 2004 से पेट्रोल में इथेनॉल मिलाया जा रहा है। अब तक व्यापक तौर पर गाड़ियों के खराब होने की खबरें सामने नहीं आई हैं। लेकिन पिछले एक डेढ़ महीने से सोशल मीडिया पर ई-20 ईंधन को लेकर कई भ्रामक पोस्टों भी देखने को मिल रही है। बिहार के प्रसिद्ध यूटयूबर मनीष कश्यप ने दावा किया था कि उनकी नई टोयोटा गाड़ी ई-20 पेट्रोल के कारण खराब हो गई है। कंपनी द्वारा कराई गई तकनीकी जांच में यह दावा गलत पाया गया। कंपनी ने मनीष पर कंपनी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने और जनता में ई-20 पेट्रोल को लेकर भ्रम पैदा करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं एक ओर प्रख्यात यूटयूबर सौरव जोशी ने ई-20 पेट्रोल से जुड़ी गलतफहमी वाली अपनी पोस्ट के लिये खेद जताया है।

वहीं हाल ही में, रायपुर जिला कंज्यूमर कोर्ट ने ई-20 पेट्रोल से कार का इंजन खराब होने के मामले में ग्राहक के पक्ष में फैसला सुनाया है। भारत में इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल के इस्तेमाल से गाड़ियों में आ रही दिक्कतों पर कोर्ट का यह पहला सीधा फैसला है। कंपनी का दावा है कि ग्राहक की कार से निकाले गए ईंधन के सैंपल में दूषित पदार्थ पाए गए थे, जिसके कारण इंजन खराब हुआ, न कि ई-20 पेट्रोल की वजह से। हालांकि इस फैसले से एक नयी बहस जरूर शुरू हो गयी है।

अमेरिका, ब्राजील और जापान जैसे कई देशों में इथेनॉल मिला पेट्रोल पहले से इस्तेमाल हो रहा है। ब्राजील में 1970 से 100 प्रतिशत इथेनॉल का इस्तेमाल हो रहा है। वहां एक ही पेट्रोल पंप पर कई तरह के ईंधन उपलब्ध हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हर देश की परिस्थितियां अलग होती हैं। भारत अपनी जरूरत और संसाधनों के हिसाब से नीति बना रहा है। सरकार का लक्ष्य तेल आयात कम करना और प्रदूषण घटाना है। साल 2025 में भारत पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने का लक्ष्य तय समय से पांच साल पहले हासिल कर चुका है। अब सरकार 2030 तक इसे बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

भारतीय मानक ब्यूरो और ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया के परीक्षणों में 80 प्रतिशत से अधिक वाहन बिना किसी समस्या के ई-20 पर चल सकते हैं। पुरानी गाड़ियों के लिए भी कम ब्लेंडिंग विकल्प उपलब्ध हैं। ई-20 में ऑक्टेन संख्या अधिक होने से दहन बेहतर होता है। कुछ गाड़ियों में 1-2 प्रतिशत अधिक खपत हो सकती है, लेकिन ईंधन आयात बिल में होने वाली बचत जो कि लगभग 30,000 करोड़ रुपये सालाना या इससे कहीं अधिक है।

पारंपरिक पेट्रोल की तुलना में ई-20 ईंधन से कार्बन मोनोऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) के उत्सर्जन में भारी कमी आती है। एथेनॉल में ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होने के कारण ईंधन का दहन बेहतर ढंग से होता है। यह भारत के वैश्विक जलवायु लक्ष्यों (पेरिस एग्रीमेंट) को पूरा करने में मदद कर रहा है। यह हमारे प्रदूषित शहरों के लिए वरदान है।

जानकारों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बहुत कम होने पर एथेनॉल की आर्थिक बढ़त कम हो सकती है। लेकिन सरकार का उद्देश्य केवल लागत घटाना नहीं है, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, प्रदूषण में कमी, किसानों की आय बढ़ाना और भारत को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। इसलिए वैकल्पिक ईंधन भविष्य की जरूरत हैं। ई-20 केवल पेट्रोल नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है। कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाने, किसानों की आय दोगुनी करने और स्वच्छ हवा देने का यह एक शक्तिशाली माध्यम है।

# दमन नहीं कर पाये तो उपेक्षा से हराने का क्रूर प्रयास

लेखक - तनवीर सिंह सन्धू



श्रीगंगानगर (93511-45613)

भारतीय लोकतंत्र में विरोध के स्वर जब सत्ता की नींव हिलाने लगते हैं, तब अक्सर एक पुराना और आजमाया हुआ हथियार सामने आता है: 'उपेक्षा'। यदि किसी आंदोलन का दमन करना कठिन हो जाए, तो उसे चुप्पी और अनदेखी की चादर में लपेटकर दम तोड़ने पर मजबूर कर देना एक क्रूर राजनीतिक रणनीति रही है। वर्तमान में जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल और 'कॉकरोच जनता पार्टी' का आंदोलन इसी क्रूर यथार्थ का जीवंत उदाहरण है। जब कोई नागरिक, खासकर सोनम वांगचुक जैसा व्यक्तित्व, अपनी जान जोखिम में डालकर व्यवस्थागत खामियों–जैसे परीक्षा पेपर लीक, शिक्षा में भ्रष्टाचार और पारदर्शिता की कमी–के खिलाफ आवाज उठाता है, तो उनसे संवाद करना सरकार का संवैधानिक दायित्व होता है। लेकिन, पिछले 20 दिनों से जारी यह अनशन इस बात का प्रमाण है कि सत्ता के गलियारों में अब 'सुनने' की संस्कृति लुप्त होती जा रही है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' एक व्यंग्यात्मक राजनीतिक आंदोलन है, जो व्यवस्था की विसंगतियों पर तंज कसता है। इसका नाम और इसकी कार्यशैली सत्ताधारी दल की कार्यप्रणाली पर एक गहरा कटाक्ष है। जब ऐसे आंदोलनों को मुख्यधारा के विमर्श से बाहर रखने की कोशिश की जाती है, तो यह केवल एक पार्टी या व्यक्ति का अपमान नहीं, बल्कि उस जन-आक्रोश का अपमान है जिसे सरकार मानने से इनकार कर रही है। करीब तीन सप्ताह से अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक का वजन लगातार घट रहा है, डॉक्टरों ने अंग विफलता की चेतावनी दी है, लेकिन सत्ता की ओर से अभी भी कोई सार्थक संवाद नहीं हुआ है। वांगचुक का यह कहना कि 'अगर मैं खा लूँ, तो क्या संदेश जाएगा?' लोकतंत्र में जवाबदेही की गिरती स्थिति को दर्शाता है। यह उपेक्षा ही वह 'क्रूर प्रयास' है जिसे सरकार हथियार के रूप में उपयोग कर रही है। सरकार शायद यह मानती है कि यदि वे इन प्रदर्शनकारियों की ओर नहीं देखेंगे, तो जनता भी भूल जाएगी। यह रणनीति इस सोच पर आधारित है कि 'समय' हर आंदोलन को लील लेगा। लेकिन वे भूल रहे हैं कि जब शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का मार्ग अवरुद्ध कर दिया जाता है, तो आक्रोश का स्वरूप अधिक व्यापक और गंभीर हो सकता है। सोनम वांगचुक की माँगें स्पष्ट हैं, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही। उनके साथ समर्थन में खड़े छात्र, युवा और विभिन्न विपक्षी दल भी यही मांग कर रहे हैं कि परीक्षा प्रणाली की पवित्रता बहाल की जाए। इसके विपरीत, सरकार का मौन केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि नैतिक पतन है। 'दमन नहीं तो उपेक्षा' की नीति यह दर्शाती है कि शासन का ध्यान समस्याओं के समाधान के बजाय उन्हें 'प्रबंधन' करने पर केंद्रित है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' का जंतर-मंतर पर किया गया प्रदर्शन और 20 जुलाई को प्रस्तावित संसद मार्च इस बात का संकेत है कि युवा अब इस उपेक्षा के खेल को समझ चुके हैं। यदि सरकार को लगता है कि वह इसे सिर्फ एक 'व्यंग्य' समझकर खारिज कर देगी, तो वह देश की युवा शक्ति की नाड़ी पहचानने में बड़ी भूल कर रही है। इतिहास गवाह है कि उपेक्षा से आंदोलनों को दबाया नहीं जा सकता, बल्कि वे और अधिक उग्र या संगठित हो जाते हैं। सोनम वांगचुक की जिद, उनकी सेहत की बलि और छात्रों का संघर्ष केवल एक परीक्षा सुधार की माँग नहीं है; यह उस लोकतंत्र को बचाने की कोशिश है जहाँ हर आवाज का महत्व हो। दमन और उपेक्षा का यह 'क्रूर चक्र' अब टूटना चाहिए। सरकार को यह समझना होगा कि एक सच्चे लोकतंत्र में जनता की आवाज को 'कॉकरोच' (तुच्छ) समझना या उसे अनदेखा करना अंततः सत्ता की अपनी विश्वसनीयता को ही नष्ट करता है। वक्त की माँग है कि अहंकार को त्याग कर संवाद का द्वार खोला जाए, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

# संघर्ष, संवाद और रचना का एक सशक्त हस्ताक्षर: रन सिंह परमार

(लेखक- अनिल कुमार गुप्ता



एकता परिषद )

भूमिहीनता की जड़े गहराई तक सामाजिक व् राजनैतिक ताना-बाना से जुडा है. जमीन का होना और न होना आपकी पहचान और अस्मिता को भी तय करता है. यह तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब समाज के हासिये पर खड़े लोगो के अधिकार की बात हो. अनुसूचित जाति और जन जाति से जुड़े परिवारों और भूमिहीन किसानो को संगठित कर प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार के लिए खड़ा करना, पदयात्रा और आन्दोलनों के माध्यम से इसको सामाजिक न्याय का एक केंद्रीय मुदा रन सिंह परमार ने बनाया. एकता परिषद् में उनके नेतृत्व ने साबित किया अहिंसा और सत्याग्रह के माध्यम से संरचनात्मक अन्याय को चुनौती दी सकती है.

छात्र जीवन से ही प्रख्यात गांधीवादी एस.एन.सुब्बराव (भाई जी) के संपर्क में आकर बीहड़ बचाव के लिए एक बड़े अभियान का हिस्सा बन गए और धीरे धीरे गांधीवादी रचनात्मक आदोलन से जुड़ कर अपनी रूचि को महात्मा गाँधी सेवा आश्रम जौरा के माध्यम से पूरा करने लगे. उन्होंने राष्ट्रीय युवा योजना के अंतर्गत भाई जी के मार्गदर्शन में लाखो युवाओं से संवाद किया और लाखों नवजवानों को राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव और सेवा की भवना से जोड़ा. सद्भावना रेल यात्रा और विभिन्न शिविरों ने युवाओं को नेतृत्व और मातृभूमि के प्रति समर्पण का पढ़ाया और सामाजिक आन्दोलन की शक्ति को युवाओं के हाथों में सौंपने का अनवरत प्रयास किया.

1980 की दशक में उनके द्वारा जौरा में शुरू की गयी दरी फर्श की बुनाई ने आस-पास के सैकड़ो परिवारों को रोजगार तो प्रदान किया ही, खादी ग्रामोद्योग के क्षेत्र में आश्रम का नाम स्थापित किया. उनके द्वारा शुरू किया गया यह अभिक्रम आज शुद्ध शहद, तेलघानी से निकले तेल (सरसों, तिली, मूंगफली), खादी वस्त्र उत्पादन और चार बिक्री केन्द्रों तक फैला हुआ है, जिसमे सैकड़ो परिवारों और महिलाओं को रोजगार और सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया. रन सिंह परमार के द्वारा किये गए इस प्रकार के कार्यों से उन परिवारों ने सम्मान पूर्वक जीवन जीना शुरू किया.

चम्बल घाटी के मुरेना जिले के मृगपुरा गाँव में एक साधारण किसान परिवार में जन्मे रन सिंह परमार ने कृषि में उच्च शिक्षा प्राप्तकर अपने जीवन को प्राकृतिक संसाधनों पर वंचित समुदाय के अधिकार की लडाई और ग्रामीण विकास के लिए समर्पित कर दिया. मध्यप्रदेश सहित देश के दुसरे राज्यों में भी राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं और जन आन्दोलनों के लिए भी अपना समय दिया. उनकी कार्यशैली पुर्णतः संवाद, संघर्ष और रचना के इर्द गिर्द रहा है, जहाँ पर उन्होंने पुरे देश भर की युवाओं में नेतृत्व के गुण का विकास करने , वंचितों को संगठित करने और महिलाओं के स्वावलंबन का कार्य किया है. आन्दोलनों की संरचना और प्रबंधन करने का गुण और कौशल उनमे खूब थे. हजारो की तादाद में लोगो को एकजुट कर दिल्ली की कूच की जिम्मेवारी उन्होंने बखूबी निभाई थी, भूमि अधिकार के लिए जनादेश 2007, जनांदोलन 2012 और जन सत्याग्रह 2018 इसके उदाहरणों में से हैं. उनका जीवन हमें प्रेरणा देता है की आन्दोलन के साथ साथ रचनात्मक कार्य भी जरुरी है. स्थानीय स्तर पर समस्याओं से जूझ रहे लोगो के मामले को राष्ट्रीय और अंतरष्ट्रीय स्तर पर जोड़कर विमर्श में लाना उनकी रणनीति में शामिल रहा. उनके 72वें जन्मदिन पर, उनको एक ऐसे नायक के रूप में याद करना हमें उनकी विरासत को आगे बढाने के लिए प्रेरित करता है, और सामाजिक क्षेत्र में सामाजिक बदलाव के लिए कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं को आत्म विश्वास का एक सबल प्रदान करता है कि परिश्रम, करुणा, साहस और सत्य निष्ठा से सामाजिक बदलाव संभव है. उनके अधूरे कार्यो को पूरा करना ही उनके प्रति श्रधांजलि होगी.

लेखकः अनिल कुमार गुप्ता (लेखक एकता परिषद् से जुड़े है.)

# नारायणपुर में एआईएफएफ अंडर-17 महिला यूथ लीग 2026-27 का हुआ शुभारंभ




नारायणपुर, 18 जुलाई (हि.स.)। नक्सल प्रभावित क्षेत्र से खेलों की नई पहचान गढ़ रहे नारायणपुर में आज शनिवार को राष्ट्रीयस्तर की अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अंडर-17 महिला यूथ लीग 2026-27 का शुभारंभ हुआ।

रामकृष्ण मिशन परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में देशभर से आई युवा महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन का संदेश दिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल, रामकृष्ण मिशन नारायणपुर के सचिव स्वामी व्याप्तानंद तथा रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्वालियर के सचिव स्वामी कृष्णामृतानंद ने संयुक्त रूप से किया।

समारोह में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के कार्यकारी सदस्य एवं छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के सहायक महासचिव मोहन लाल तथा एआईएफएफ की अधिकारी नेहा चौहान भी मौजूद रहीं। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दीं।

उद्घाटन मुकाबले में पुणे की शानदार जीत

प्रतियोगिता का पहला मुकाबला केएमपी एक्सआई, पुणे और रूट्स फुटबॉल अकादमी, बेंगलुरु के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में पुणे की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए बेंगलुरु को 6-1 के बड़े अंतर से पराजित कर विजयी आगाज़ किया। रामकृष्ण मिशन में लगातार राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से नारायणपुर की पहचान अब शिक्षा और सेवा के साथ-साथ खेल नगरी के रूप में भी मजबूत हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र की बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिलेगी और जिले में महिला फुटबॉल का भविष्य और अधिक सशक्त होगा।

# जनता से जुड़ाव ज़रूरी, जन सेवा में अग्रणी रहें कार्यकर्ता : सतीश लाटिया



जगदलपुर, 18 जुलाई (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने निरंतर संगठनात्मक बैठकें कर रही है। जिलास्तर से लेकर बूथस्तर तक की बैठकों में संगठन के बड़े चेहरे शामिल हो रहे हैं और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भर रहे हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर जिला प्रभारी सतीश लाटिया शनिवार को भानपुरी मण्डल में सालेमेटा शक्ति केन्द्र व भानपुरी शक्ति केन्द्र की बैठक में सम्मिलित हुए और ग्रामीण कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित किया।

इस दौरान लाटिया ने कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की शक्ति है। शक्ति केन्द्र में आने वाले प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाना है। बूथ कमेटी के सदस्य व कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचें और उनकी समस्याओं के निदान का प्रयास करें। केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने अग्रणी भूमिका निभायें। जनता से जुड़ाव आवश्यक है।

दोनों शक्ति केन्द्र की बैठक में संगठन द्वारा दिये गये कार्यक्रमों के संचालन की जानकारी ली गयी और आगामी कार्यक्रम के विषय में मार्गदर्शन दिया गया। बैठक का संचालन भानपुरी मण्डल महामंत्री तुलसु राम कश्यप व आभार प्रदर्शन शक्ति केन्द्र प्रभारी महेश कश्यप ने किया।

बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव, जिला महामंत्री परीस राम बेसरा, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिला मंत्री खितेश मौर्य, भानपुरी मंडल अध्यक्ष प्रवीण साँखला, जनपद सदस्य गौरव कश्यप, जिला सोशल मीडिया सहसंयोजक ब्रिजेश शर्मा, जोहन गावड़े, रमेश दिवान, भालमन कश्यप, ओम प्रकाश कश्यप, घनश्याम चौहान, बेनुधर साहू, लखमुराम कश्यप आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नीट परीक्षा में असफल होने पर हुई घटना एक परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज व बस्तर के लिए चिंता का विषय : दीपक बैज



जगदलपुर, 18 जुलाई (हि.स.)। जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र के आड़ावाल खासपारा में रहने वाली 20 वर्षीय सुरला हारिका राव नायडू द्वारा नीट परीक्षा में तीन बार असफल होने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना की सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने आज पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी तथा इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। दीपक बैज ने दिवंगत सुरला हारिका राव नायडू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। दीपक बैज ने कहा कि यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे समाज व बस्तर के लिए गंभीर चिंता का विषय है। प्रतियोगी परीक्षाओं का बढ़ता दबाव, लगातार असफलता का मानसिक बोझ और युवाओं के लिए पर्याप्त मनोवैज्ञानिक सहयोग की कमी अनेक विद्यार्थियों को अवसाद की ओर धकेल रही है। आज विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की बेहद आवश्यकता है। परिवार,समाज, शैक्षणिक संस्थानों और सरकार को मिलकर ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए, जहां असफलता को जीवन का अंत नहीं, बल्कि आगे बढ़ने का एक अवसर माना जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है।

इस दौरान प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू,शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, पूर्व निगम अध्यक्ष कविता साहू, रविशंकर तिवारी, महामंत्री विजय सिंह, प्रशांत जैन, अनुराग महतो, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप, मंडल अध्यक्ष प्रणय शील मंडल, मुकुंद राम नेताम, प्रभुदास, साहिल हीयाल, राजू राव मौजूद रहे।

# रायपुर : 50 किलो गांजा तस्करी मामले में दो और आरोपित गिरफ्तार, अब तक छह गिरफ्तार

रायपुर, 18 जुलाई (हि. स.)। राजधानी रायपुर के थाना सिविल लाइन पुलिस ने 50 किलोग्राम गांजा और दो लाख रुपये की नगदी बरामदगी के मामले में शनिवार को दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर पुलिस ने मयूर राजेन्द्र देसले और अनुराग सोनी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। मामले में अब तक कुल छह आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

शनिवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 14 फरवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर केनाल रोड स्थित दुर्गा मंच के पीछे खाली मैदान में कार्रवाई कर कार सवार हृषिकेश उर्फ ऋषिकेश सरोज और हिमांशु दामले को गिरफ्तार किया गया था। उनके कब्जे से बिक्री के लिए रखा 50 किलोग्राम गांजा और दो लाख रुपये नकद बरामद किए गए थे। इसके बाद जांच के दौरान राजकिशोर बेहरा उर्फ मिलन और रंजित उर्फ मयूर डिगल को भी गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस को मयूर राजेन्द्र देसले और अनुराग सोनी की संलिप्तता के साक्ष्य मिले। जांच में सामने आया कि, मयूर देसले ने गांजा तस्करी के लिए इस्तेमाल की गई चारपहिया वाहन पूर्व में गिरफ्तार आरोपितों को अनुराग सोनी के माध्यम से उपलब्ध कराई थी और इसके बदले कमीशन प्राप्त करता था।

वहीं, अनुराग सोनी उड़ीसा से गांजा लाकर रंजित डिगल और मिलन बेहरा के सहयोग से ग्राहकों तक पहुंचाने का काम करता था। इस कार्य के एवज में उसे कमीशन मिलता था। पुलिस ने दोनों आरोपितों के कब्जे से एक-एक मोबाइल फोन जब्त किया है। आरोपितों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामले की जांच जारी है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के द्वितीय चरण के लिए ई-बिड आमंत्रित, 21 जुलाई तक करें आवेदन, उठाएं लाभ

### आगरा में 1,522 जोड़ों के सामूहिक विवाह हेतु जेम पोर्टल पर ई-बिड जारी, सामग्री व सेवाओं की व्यवस्था के लिए पात्र फर्मों से प्रस्ताव आमंत्रित




**आगरा (निज संवाददाता)।** जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री नगेन्द्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के द्वितीय चरण के सफल आयोजन के लिए जनपद आगरा में आवश्यक सामग्री एवं सेवाओं की व्यवस्था हेतु जेम (जेम) पोर्टल के माध्यम से ई-बिड आमंत्रित की गई है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जनपद आगरा में योजना के अंतर्गत कुल 1,522 जोड़ों के सामूहिक विवाह का आयोजन प्रस्तावित है। इसके लिए प्रति जोड़ा ?15,000 की दर से सामग्री एवं सेवाओं की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी, आगरा की अध्यक्षता में गठित समिति के अनुमोदन तथा कार्यालय पत्र संख्या 606 दिनांक 04 जुलाई, 2026 के क्रम में द्वितीय चरण हेतु बिड संख्या त्श्वरू2026/क्र7776428 दिनांक 11 जुलाई, 2026 को जेम पोर्टल पर प्रकाशित की गई है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने इच्छुक एवं पात्र फर्मों तथा सेवा प्रदाताओं से अपील की है कि वे जेम पोर्टल पर उपलब्ध उक्त बिड संख्या के माध्यम से निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुरूप प्रतिभाग करें। बिड से संबंधित सभी आवश्यक विवरण, शर्तें एवं अभिलेख जेम पोर्टल पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि उक्त ई-बिड 21 जुलाई, 2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक खुली रहेगी। इच्छुक फर्में निर्धारित समयावधि के भीतर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन अपलोड कर सकती हैं।

उन्होंने अधिक से अधिक पात्र एवं अनुभवी सेवा प्रदाताओं से जेम पोर्टल के माध्यम से प्रतिभाग करने का अनुरोध करते हुए कहा कि इससे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रस्तावित सामूहिक विवाह समारोह का सफल एवं गुणवत्तापूर्ण आयोजन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# तहसील सदर में जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल जी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

### निर्धारित समय सीमा के अंदर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश।

### तहसील दिवस के दौरान कुल 139 शिकायतें हुई प्राप्त, 19 शिकायतों का मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा कराया गया निस्तारण।



**आगरा (निज संवाददाता)।** आज तहसील सदर में जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल जी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

समाधान दिवस में जिलाधिकारी महोदय ने फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदय ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के साथ-साथ सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से संपर्क करें तथा उनसे वार्ता कर शिकायत को निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण होने के बाद शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए, जिससे उनको भी निस्तारण स्थिति का पता चल सके और निस्तारण आख्या में सम्पूर्ण घटनाक्रम को अंकित करते हुए पोर्टल पर अपलोड की जाए।

तहसील दिवस के दौरान कुल 139 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 19 शिकायतों का मौके पर ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा तत्काल निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों में मुख्यतः विद्युत, पेंशन, राशन, भूमि विवाद, चकरोड निर्माण/अतिक्रमण, नाली निर्माण, अवैध अतिक्रमण आदि से सम्बन्धित थीं, जो कि 42 राजस्व विभाग, 28 पुलिस विभाग, 18 नगर निगम, 09 आगरा विकास प्राधिकरण, 04 विकास खंड, 01 शिक्षा विभाग, 08 टोरेंट पावर/ विद्युत, तथा 29 अन्य से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई।

संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह, डीसीपी सैयद अली अब्बास, उप जिलाधिकारी सदर श्री विक्रम सिंह राघव, तहसीलदार श्री सत्येंद्र कुमार, नायब तहसीलदार प्रियंका चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री मनीष कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी श्री आनंद कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी श्री विनोद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में सड़क सुरक्षा पर मुख्य सचिव ने ली अहम बैठक सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें-मुख्य सचिव

### ब्लैक स्पॉट सुधार हेल्पलाइन एकीकरण ट्रॉमा सुविधाओं एवं जनजागरूकता पर विशेष जोर सड़क सुरक्षा के लिए सभी विभाग समन्वय से करें कार्य



धौलपुर (निज संवाददाता) । राजस्थान के मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य सड़कों पर सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त विषय पर गत दिनों आयोजित तीन बैठकों में दिए गए निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने हेतु आयोजित इस फॉलोअप बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा पूर्व में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर घटित सड़क दुर्घटनाओं की ऑडिट रिपोर्ट सहित सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए गए उपायों का विस्तृत पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण दिया। साथ ही प्रदेश के परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित पीपीटी के माध्यम से प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाए गए सघन अभियान एवं नवाचारों की सविस्तार जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि 8 से 28 जुलाई तक सड़क सुरक्षा हेतु चले सघन अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा वाहनों में विभिन्न अनियमिताओं के लिए 17850 चालान किए गए हैं, साथ ही 487 वाहनों को जब्त किया गया है एवं 22 वाहनों के पंजीकरण प्रमाण पत्र निलंबित किए गए। इस महीने 2 से 14 जुलाई तक पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के तहत विभिन्न अनियमिताओं के लिए 2 लाख 71 हज़ार 494 वाहनों के चालान किए गए। ब्लैक स्पॉट सुधार हेल्पलाइन एकीकरण एवं हाईवे सुरक्षा पर दिए निर्देश मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनएचएआई की एम्बुलेंस हेल्पलाइन 1033, राज्य सरकार की आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा 108 तथा पुलिस हेल्पलाइन 112 के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाए ताकि दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध हो सके। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट की पहचान कर उनका शीघ्र सुधार करने एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का निर्बाध एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने हाईवे की सुरक्षा की नियमित मॉनिटरिंग कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने तथा मार्ग किनारे विकसित वे-साइड एमेनिटीज पर चिकित्सा एवं ट्रॉमा सुविधाओं के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जागरूकता समन्वय एवं प्रवर्तन पर विशेष बल मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित विभाग सूचना शिक्षा एवं संचार आईईसी गतिविधियों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने जिला प्रशासन एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभागों के बीच निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा प्रत्येक जिले में नियमित रूप से सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें आयोजित करने पर जोर दिया। उन्होंने अन्य राज्यों के पंजीकरण वाले वाहनों से जुड़े अनियमित एवं धोखाधड़ीपूर्ण मामलों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही राजमार्गों पर स्थापित संकेतकों, गति सीमा बोर्डों एवं ऑब्जेक्ट हैजर्ड मार्किंग को मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने राजमार्गों के किनारे किए गए अतिक्रमण हटाने तथा हाईवे से संबंधित उपकरणों एवं परिसंपत्तियों की चोरी पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए उपलब्ध निधियों का सभी जिलों द्वारा पूर्ण एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

दुर्घटनाएं रोकने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग आवश्यक-प्रवीण गुप्ता अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) प्रवीण गुप्ता ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जानी चाहिए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एनएचएआई द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले कार्यों में हर संभव प्रशासनिक एवं वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रमुख शासन सचिव परिवहन विभाग एवं अध्यक्ष राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम आरएसआरटीसी भवानी सिंह देथा ने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय सभी हितधारकों से व्यापक परामर्श तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन करने पर बल दिया। बैठक में पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु चलाए गए सघन अभियानों की जानकारी दी गई जिसके तहत वाहनों की जब्ती चालान सहित विभिन्न कारवाइयों के बारे में बताया गया। एनएचएआई ने प्रस्तुत किए सड़क सुरक्षा सुधारों के उपाय बैठक में एनएचएआई के अध्यक्ष श्री संतोष यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने सड़क अभियांत्रिकी सुधार ब्लैक स्पॉट उपचार आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली तथा अन्य सुरक्षा उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा राष्ट्रीय राजमार्गों को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए समन्वित कार्यवाही पर सहमति व्यक्त की। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग श्री भास्कर ए. सावंत अतिरिक्त मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवासन (यूडीएच) विभाग के आलोक गुप्ता महानिदेशक (यातायात) मालिनी अग्रवाल सचिव स्वायत्त शासन विभाग श्री रवि जैन, सचिव, श्रम विभाग श्री पूर्णा चंद्र किशन सहित सभी संबंधित विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक से जुड़े।

# जिलेभर में आयोजित हुआ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान विशेष अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की हुई निःशुल्क स्वास्थ्य जांच





धौलपुर (निज संवाददाता) । गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलेभर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पीएमएसएमए के तहत विशेष आयोजन किए गए। साथ ही 15 जुलाई से संचालित पांच दिवसीय गर्भवती महिलाओं की सघन स्वास्थ्य जांच अभियान के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर प्रसवपूर्व जांच एएनसी एवं आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए अभियान के दौरान जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच कर उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान गर्भवती महिलाओं तक गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रत्येक माह की 9, 18 एवं 27 तारीख को आयोजित होने वाले इस अभियान के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की पहचान समय पर फॉलोअप एवं आवश्यक रेफरल सेवाएं सुनिश्चित की जाती हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच रक्तचाप वजन हीमोग्लोबिन रक्त शर्करा ब्लड ग्रुप एवं मूत्र जांच सहित सभी आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। जांच के दौरान हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं की पहचान कर आवश्यकतानुसार उच्च स्वास्थ्य संस्थानों के लिए रेफर किया गया तथा उनके नियमित फॉलोअप की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सालय उप जिला चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर आयोजित अभियान में गर्भवती महिलाओं को टीडी टीकाकरण आयरन-फोलिक एसिड एवं कैल्शियम की दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें संतुलित एवं पौष्टिक आहार व्यक्तिगत स्वच्छता संस्थागत प्रसव नवजात शिशु की देखभाल जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान प्रारंभ करने छह माह तक केवल मातृ दुग्ध पिलाने प्रसवोत्तर देखभाल तथा परिवार नियोजन संबंधी परामर्श भी दिया गया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के नौ माह मां एवं शिशु दोनों के स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित एवं पौष्टिक आहार तथा चिकित्सकीय सलाह का पालन सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को नियमित प्रसवपूर्व जांच के प्रति जागरूक करना हाई रिस्क गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करना तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाना है।

# विजय विहार कॉलोनी में सड़क निर्माण का शुभारंभ



### उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने लगाई विकास की चौपाल

### जनकल्याणकारी योजनाओं और सुशासन से बदल रही है उत्तर प्रदेश की तस्वीरः योगेंद्र उपाध्याय

### वार्ड 73 में विकास कार्यों की सौगात, चौपाल के माध्यम से कैबिनेट मंत्री ने जनता से किया सीधा संवाद

आगरा (निज संवाददाता)। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री और आगरा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेंद्र उपाध्याय ने क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए अलबतिया स्थित विजय विहार कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य का भव्य शुभारंभ किया। इस विकास कार्य की सौगात देने के बाद कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय निवासियों के साथ आयोजित एक भव्य जनता की चौपाल में प्रतिभाग किया और क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना।

**सरकार की उपलब्धियों और सुशासन से कराया अवगत**

जनता की चौपाल को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार निरंतर विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन और चौमुखी विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। मंत्री ने कहा कि अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना ही सरकार की मुख्य प्राथमिकता है।

**स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग रहे मौजूद**

सड़क निर्माण के इस ऐतिहासिक शुभारंभ और चौपाल कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई प्रमुख राजनेता, अधिकारी और स्थानीय लोग मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से मीनाक्षी वर्मा, पार्षद वार्ड संख्या 73,

संतोषी लाल, महामंत्री शिवाजी मंडल, संजय शर्मा, ब्रज प्रदेश अधिकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

डॉ. प्रदीप उप्रेती वरिष्ठ चिकित्सक समाजसेवी,

वी. के. शर्मा, हरी शंकर,

अंकित गर्ग, अध्यक्ष विजय विहार कॉलोनीएस. डी. शर्मा, अनूप अग्रवाल ने जन चौपाल का संचालन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ स्थानीय नागरिक वी. के. शर्मा ने की। कार्यक्रम संचालन अनूप अग्रवाल द्वारा किया गया। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने और मंत्री के सीधे संवाद से विजय विहार कॉलोनी के निवासियों में भारी उत्साह का माहौल देखा गया। स्थानीय निवासियों ने विकास कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और विधायक योगेंद्र उपाध्याय का आभार व्यक्त किया।

# पंच गौरव कार्यक्रम की समीक्षा प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान बने विकास का आधार- मुख्य सचिव

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन के अनुरूप परिणाम आधारित क्रियान्वयन एवं जनभागीदारी पर दिया जोर



धौलपुर । मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि पंच गौरव कार्यक्रम प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान को विकास का आधार बनाने का राज्य सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों, कृषि, पर्यटन, खेल एवं वन संपदा जैसी जिले की विशेषताओं के संरक्षण, संवर्धन ब्रांडिंग एवं व्यापक प्रचार प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले रोजगार के नए अवसर सृजित हों तथा प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान को व्यापक पहचान मिल सके शासन सचिवालय में शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टरों एवं संबंधित नोडल विभागों को निर्देश दिए कि वर्ष 2024-25 को आधार वर्ष मानते हुए चयनित पंच गौरव कार्यक्रमों के लिए वर्ष 2026-27 के अल्पकालीन वर्ष 2029-30 के मध्यकालीन तथा वर्ष 2047 के दीर्घकालीन मापनीय लक्ष्य एवं संकेतक निर्धारित कर उनकी सूचना समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए ताकि कार्यक्रमों की प्रगति का प्रभावी मूल्यांकन सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा पंच गौरव कार्यक्रम के संबंध में दिए गए निर्देशों की प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रत्येक जिले के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करने जनभागीदारी को बढ़ावा देने चिन्हित उत्पादों एवं पर्यटन स्थलों की प्रभावी ब्रांडिंग स्थानीय मेलों एवं शासकीय आयोजनों में पंच गौरव कार्यक्रम का व्यापक प्रदर्शन तथा पुस्तिकाओं एवं अन्य प्रचार माध्यमों के जरिए प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान को व्यापक पहचान दिलाने पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं संसाधनों के प्रभावी अभिसरण को कार्यक्रम की सफलता का आधार बताते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडी) विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमएलएएलएडीएस), डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) तथा उद्योग संगठनों के सहयोग का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए।वर्ष 2026-27 के स्वीकृत कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां समयबद्ध रूप से जारी करने तथा उपलब्ध राशि का उपयोग केवल अनुमन्य एवं उद्देश्यपरक विकास कार्यों पर सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों के जिला कलेक्टरों से कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं नवाचारों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इन जिलों की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों एवं नवाचारों को अन्य जिलों में भी अपनाया जाए, ताकि पूरे प्रदेश में कार्यक्रम का गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुख क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। साथ ही उन्होंने खेल विभाग को ग्राम पंचायत स्तर तक खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं प्रशिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ करने उद्योग विभाग को जिला उत्पादों के मूल्य संवर्धन ब्रांडिंग एवं विपणन में तेजी लाने वन विभाग को चयनित वनस्पति प्रजातियों के संरक्षण एवं संवर्धन कृषि विभाग को स्थानीय कृषि एवं उद्यानिकी गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा पर्यटन विभाग को पर्यटक सुविधाओं एवं पर्यटक अनुभवों में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को कार्यक्रम से संबंधित आंकड़ों का समयबद्ध सत्यापन डेटा सामंजस्य तथा निर्धारित पोर्टलों पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि नियमित समीक्षा के माध्यम से प्रत्येक जिले की प्रगति की सतत निगरानी की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग एवं वाणिज्य विभाग श्री शिखर अग्रवाल अतिरिक्त मुख्य सचिववन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री आनन्द कुमार अतिरिक्त मुख्य सचिव खेल एवं युवा मामलात विभाग श्री प्रवीण गुप्ता प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंजू राजपाल शासन सचिव आयोजना एवं सांख्यिकी विभाग डॉ. रवि कुमार सुरपुर शासन सचिव, पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग श्रीमती शुचि त्यागी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, कोषाधिकारी सतीश बैसला सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# बसई में आज़ाद समाज पार्टी की चुनावी सभा

## प्रत्याशी दामोदर यादव मंडल ने किया जनसंपर्क





दतिया (निज संवाददाता)। दतिया विधानसभा उपचुनाव के तहत चुनाव प्रचार के क्रम में शनिवार को बसई गांव में आज़ाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के समर्थन में एक चुनावी सभा आयोजित की गई। सभा में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान दतिया विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी एवं आज़ाद समाज पार्टी की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य दामोदर यादव मंडल ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने संविधान, सामाजिक न्याय और विभिन्न वर्गों की राजनीतिक भागीदारी जैसे मुद्दों पर अपनी पार्टी का पक्ष रखा तथा मतदाताओं से अपने समर्थन की अपील की।

सभा के दौरान समर्थकों ने पार्टी के पक्ष में नारे लगाए और आगामी उपचुनाव में समर्थन देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा लगातार जनसभाएं और जनसंपर्क अभियान चलाए जा रहे हैं।

# मुरैना में पहली बार निकली भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा

मुरैना (निज संवाददाता)। मुरैना शहर के लिए आज का दिन ऐतिहासिक और भक्तिमय रहा। शहर में पहली बार भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। इस अलौकिक आयोजन ने पूरे शहर को 'जय जगन्नाथ' के नारों से गुंजायमान कर दिया भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के विग्रहों को सुंदर ढंग से सजाए गए रथ पर विराजमान किया गया। रथ यात्रा का शुभारंभ बैरियर स्थित अंबेडकर ग्राउंड से हुआ, जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुज़री। रथ को खींचने के लिए भक्तों में होड़ मची थी, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि रथ की रस्सी को छूने मात्र से ही पुण्य की प्राप्ति होती है।

सड़क के दोनों ओर खड़े श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर प्रभु का स्वागत किया। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों, भजनों और कीर्तन के बीच निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शहर वासियों के लिए यह एक अभूतपूर्व अनुभव था, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। आयोजन समिति ने इसे मुरैना की धार्मिक एकता और आस्था का प्रतीक बताया है।









# ग्लैमर और प्रतिभा का भव्य संगम, आराध्या समूह का आयोजन रहा यादगार

झांसी (निज संवाददाता)। आराध्या समूह द्वारा 15 जुलाई को आयोजित भव्य फैशन एवं ब्यूटी शो ने शहर में आकर्षण का केंद्र बनकर प्रतिभा, सौंदर्य और आत्मविश्वास का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में फैशन, मेकअप और मॉडलिंग के क्षेत्र से जुड़ी प्रतिभाओं ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में बॉलीवुड एवं टीवी अभिनेत्री पारुल चौहान तथा सुपर मॉडल एवं डांसर खुशी शेख ने अपनी विशेष उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। उनके अनुभव और प्रेरणादायक संदेशों ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

मुख्य अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को नई पहचान देने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि 'हर प्रतिभा को उचित मंच मिलना चाहिए। आराध्या समूह ने जिस प्रकार युवाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर दिया है, वह अत्यंत सराहनीय है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन केवल सेवा कार्यों से ही नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने से भी आता है। ऐसे आयोजन बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।'



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सविता गौतम (स्वप्निल मेकओवर, ग्वालियर), एंकर एवं मोट्यूबर मानशी व्यास, हेमंत आर्यन (मेकअप मंत्रा), भोपाल की बहू नीतू मेहना तथा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर वैष्णवी (वायरल बाबू) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। इस सफल आयोजन का संचालन स्निग्धा गोपाल प्रोहित एवं मानशी पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्की झस्या (यशी इवेंट्स, झांसी), ज्योति झस्या (यशी सैलून, झांसी), संध्या (एसवी यूनिसेक्स सैलून, मुंबई), सोनू शर्मा (मेकअप आर्टिस्ट, सूरत) तथा अर्चना देशमुख (मेकअप आर्टिस्ट एवं सचिव, आराध्या ग्रुप) का विशेष सहयोग एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चंबल के होनहार बेटे ओम ठाकुर ने नीट में लहराया परचम, जनरल कैटेगरी में AIR 572 हासिल की

मुरैना (निज संवाददाता)। चंबलः चंबल की माटी ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में घोषित हुए Re-NEET 2026 के परिणामों में चंबल क्षेत्र के सपूत ओम ठाकुर ने शानदार सफलता अर्जित की है। ओम ठाकुर ने लगभग 22 लाख से अधिक परीक्षार्थियों की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ऑल इंडिया रैंक (AIR) 988 हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बता दें ओम ठाकुर बरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह सिकरवार के बेटे हैं अपनी इस उपलब्धि को और अधिक गौरवशाली बनाते हुए, उन्होंने जनरल कैटेगरी में भी 572वीं रैंक प्राप्त कर अपनी मेधा का उत्कृष्ट परिचय दिया है यह गौरवपूर्ण उपलब्धि ओम के वर्षों के कठोर परिश्रम, अटूट समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। इस सफलता ने न केवल उनके परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे चंबल अंचल के युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत का काम किया है।

ओम ठाकुर की इस अद्भुत सफलता पर स्थानीय जनता और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। चंबल क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से उन्हें उज्ज्वल



भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। सभी को आशा है कि ओम एक संवेदनशील और कुशल चिकित्सक बनकर राष्ट्र और समाज की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# जितनी जमीन हैं, उतनी खाद नहीं दे रही सरकार- माण्डवी कुमारी



दतिया (निज संवाददाता)। दतिया विधानसभा क्षेत्र के लिए चल रहे उप चुनाव के प्रचार अभियान के तहत कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की पुत्री माण्डवी कुमारी ने शनिवार को आधा दर्जन गांवों में मतदाताओं से घर घर जाकर जनसंपर्क किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम चिराई, चक्क, हतलई, कामहर एवं पठारी में ग्रामीणों से चर्चा कर कहा कि भाजपा सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं हैं, किसान खाद के लिए परेशान हो रहे है। बड़े किसानों को उनकी जमीन की मांग के अनुसार खाद नहीं मिल रही हैं और किसानों को उनकी उपज का भी सही दाम नहीं मिलता, मजबूरी में कम कीमत पर उपज बेचनी पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में आप सभी कांग्रेस पार्टी के स्थानीय प्रत्याशी मेरे पिताजी को वोट देकर विजयी बनाए।

# भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने ग्राम कुरथरा में किया जनसंपर्क





### विकास के लिए मांगा समर्थन

दतिया (निज संवाददाता)। दतिया विधानसभा उपचुनाव-2026 के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने शनिवार को ग्राम कुरथरा में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से संवाद किया और भाजपा के पक्ष में मतदान कर क्षेत्र के विकास में सहभागी बनने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने आशुतोष तिवारी का आत्मीय स्वागत करते हुए तुलादान किया। उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि उन्हें जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद लगातार नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का अपार समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और उसी विश्वास के साथ वे दतिया के सर्वांगीण विकास, जनसेवा और क्षेत्र की समृद्धि के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लेते हैं। आशुतोष तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में है। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान कर विकास की इस यात्रा को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सेवढ़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1800 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त



दतिया। दतिया पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सेवढ़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1800 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 1.80 लाख रुपये बताई गई है। वहीं अवैध शराब निर्माण में उपयोग किए जा रहे 1500 लीटर लहान को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक मयूर खण्डेलवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंजीत सिंह चावला एवं एसडीओपी सेवढ़ा अजय चानना के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने शनिवार को मौजा मुबारकपुरा स्थित कंजर डेरे पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी जंगल और झाड़ियों का फायदा उठाकर फरार हो गए।

तलाशी के दौरान छह प्लास्टिक ड्रमों में 1200 लीटर, एक टंकी में 500 लीटर तथा अन्य छोटे ड्रमों और कट्टियों में 100 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। इसके अलावा करीब 75 हजार रुपये मूल्य का 1500 लीटर लहान भी मिला, जिसे मौके पर नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील बनौरिया सहित प्रधान आरक्षक विनोद सेंगर एवं पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

# संवेदनशील मतदान केंद्रों का एसडीओपी ने किया निरीक्षण

## मतदाताओं से निर्भय होकर मतदान की अपील

दतिया (निज संवाददाता)। विधानसभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से एसडीओपी दतिया आकांक्षा जैन एवं कोतवाली थाना प्रभारी दिनेश राजपूत ने शनिवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के संवेदनशील (क्रिटिकल) एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों का जायजा लेने के साथ मतदाताओं से सीधे संवाद कर उन्हें बिना किसी भय, दबाव या प्रलोभन के स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।



अधिकारियों ने नागरिकों को समझाइश दी कि यदि कोई व्यक्ति किसी प्रत्याशी या राजनीतिक दल के पक्ष में मतदान करने के लिए दबाव बनाता है, लालच देता है या धमकी देता है, तो इसकी सूचना तत्काल सी-विजिल (ष्ड्ढद्बद्धरु) ऐप, डायल-112, निकटतम पुलिस थाना अथवा पुलिस अधिकारियों को दें। एसडीओपी आकांक्षा जैन ने नागरिकों से चुनाव के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अवैध धन या शराब के वितरण तथा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि दतिया पुलिस निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# आगामी निकाय चुनाव में सेवादल कार्यकर्ताओ को मिलेगी भागीदारी : भार्गव

## - सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी दंदरौआ में सुंदरकाण्ड में हुए शामिल



भिण्ड (निज संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने भिण्ड सेवादल की दंदरौआ धाम में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सेवादल तो आजादी से पहले से ही दमखम दिखा रहा है, लेकिन जो भी जिम्मेदारी प्रदेश कांग्रेस और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तरफ से सेवादल कार्यकर्ताओं को दी जाएगी उसके हिसाब से संगठन को मजबूत करने का काम किया जाएगा। साथ ही आगामी निकाय और पंचायत चुनाव में सेवादल कार्यकर्ताओ को मौका दिया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा सेवादल को लोगों पार्टी टिकट देगी और सेवादल संगठन को मजबूत कर हिस्सेदारी उपलब्ध कराएगी।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पर्ची सरकार के पौने 3 साल के शासन में जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लोगों को न पानी मिल रहा है और न बिजली मिल रही है और न रोजगार मिल रहा है। ऐसी पर्ची सरकार का मुखौटा जनता में बेनकाब करने का काम कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता करेंगे।

प्रदेश सेवादल प्रभारी और राष्ट्रीय सचिव प्रेमनारायण मिश्रा ने कहा कि जल्द ही एक कैलेंडर भी जारी किया जाएगा और उसके हिसाब से ही संगठनात्मक काम किया जाएगा। आगामी 23 जुलाई को कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में देहली के ताल कटोरा मैदान में आयोजित सेवादल के राष्ट्रीय सम्मेलन और नवनियुक्त सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीवी श्रीनिवासन शपथ समारोह में सहभागिता निभाए। जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने कहा कि भिण्ड से निजी वाहनों से सैकड़ों कार्यकर्ता राष्ट्रीय सचिव ब्रजकिशोर शर्मा के मार्गदर्शन में देहली उपस्थित होंगे।

**दतिया में कांग्रेस की होगी बड़ी जीत**

दतिया चुनाव से भिण्ड आगमन पर सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने कहा कि दतिया में भाजपा के प्रति जनता का आक्रोश देखने को मिल रहा है। जबकि कांग्रेस पार्टी के प्रति दिखे समर्थन से स्पष्ट है कि दतिया उपचुनाव में पार्टी को बड़ी जीत प्राप्त होगी। भाजपा को अपनी जमानत बचाने के लिए गिड़गिड़ाना पड़ रहा है।

**सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत**

कांग्रेस देवदल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा के नेतृत्व में सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव और प्रदेश प्रभारी प्रेम नारायण मिश्रा का भिण्ड की सीमा अमायन मोड मौ में भिण्ड आगमन पर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अवनीश भार्गव और प्रभारी मिश्रा बैठक से पूर्व दंदरौआ धाम में राष्ट्रीय सचिव ब्रजकिशोर शर्मा कल्लू मुद्गल द्वारा आयोजित सुंदर काण्ड में शामिल हुए। डॉक्टर हनुमान के दर्शन के आरती में शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। स्वागत करने वाले कार्यकर्ताओं में प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज, हरनारायण शर्मा, शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, राजेश शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह बाबा, राजीव कौशिक, इलियास खान, ब्लॉक अध्यक्ष राजा खान, जोगेन्द्र तोमर, अजय गुप्ता, राजवीर खन्ना, गोलू नामदेव, कोमल खन्ना, शिवदयाल नरवरिया, चुंटई शर्मा, महेश चौहान, शिवदत्त थापक, दीपू मुदगल, शिवम शर्मा, हरवीर सिंह, बृजेन्द्र सिंह, राहुल तोमर, बलराम सिंह आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# देहात पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन पर नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



भिण्ड (निज संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक भिण्ड सूरज कुमार वर्मा, एएसपी प्रदीप पटेल एवं सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी देहात निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत के नेतृत्व में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी' नशामुक्ति अभियान के तहत न्यू रेलवे स्टेशन भिण्ड पर नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। सभी को नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित एवं जिम्मेदार जीवन जीने के लिए प्रेरित किया तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने की अपील की। उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत, उपनिरीक्षक अजय यादव, प्रधान आरक्षक विनोद सगर, गुरूदास सोही, सूरतराम सहित स्कूली छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

# एण्डोरी पुलिस ने दो इनामी आरोपियों को किया गिरफ्तार

भिण्ड (निज संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक भिण्ड सूरज कुमार वर्मा ने मामले को गंभीरता से लिया तथा एएसपी संजीव पाठक के निर्देशन एवं एसडीओपी गोहद महेन्द्र सिंह गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एण्डोरी उपनिरीक्षक विवेक प्रभात ने टीम गठित कर फरार चल रहे पांच-पांच हजार के दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार गत 20 मार्च 2026 को फरियादी ने थाना एण्डोरी पर अपराध क्रमांक 27/2026 धारा 115(2),296,351(3),3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कराया था, जिस पर से विवेचना के दौरान आए साक्ष्य के आधार पर से प्रकरण मे धारा 64(2)एफ, 64(2)के बीएनएस इजाफा की गई थी। प्रकरण में फरार आरोपीगण को मुखबिर की सूचना पर से शुक्रवार को बिहारी बाबा मन्दिर के पास ग्राम खनैता से गिरफ्तार कर न्यायालय गोहद मे प्रस्तुत किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पांच-पांच हजार रुपए की इनाम घोषित किया गया था। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी एण्डोरी विवेक प्रभात, सउनि नेतराम सिंह, प्रधान आरक्षक मंजीत सिंह, रविन्द्र, आरक्षक रजित चौहान, नीरज कुमार, अजय केन, करतार सिंह, सुनील कुबेर, बलराम सिंह, रोहित यादव, नवीन शर्मा, सत्य नारायण, नारायण सिंह, ज्ञान सिंह एवं पूनम की सराहनीय भूमिका रही है।

# पत्नी बोली- पति उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है

*- गोहद थाना पुलिस ने पति के खिलाफ दर्ज किया मामला*

भिण्ड (निज संवाददाता)। गोहद थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर बदनाम करने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि पति लंबे समय से उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी भी दी। महिला की शिकायत पर गोहद थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गोहद कस्बे की रहने वाली 30 वर्षीय महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका पति उसकी अश्लील फोटो और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर रहा है। इससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और वह मानसिक रूप से परेशान है। महिला का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो पति ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। महिला ने बताया कि लगातार मिल रही धमकियों और सोशल मीडिया पर कथित रूप से आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित होने से वह भयभीत है। इसके बाद उसने गोहद थाना पहुंचकर पुलिस से शिकायत की और कार्रवाई की मांग की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच के दौरान मोबाइल फोन, सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत मेहगांव के स्कूल में विद्यार्थियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ




भिण्ड (निज संवाददाता)। मप्र शासन के गृह विभाग द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के तहत भिण्ड जिले में नशा मुक्ति को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 30 जुलाई तक चलने वाले इस विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस प्रशासन स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करा रहा है। इसी क्रम में मेहगांव थाना क्षेत्र में स्थित शा. उत्कृष्ट उमावि मेहगांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उन्हें नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे थाना प्रभारी मेहगांव रविन्द्र शर्मा ने स्टाफ को शपथ दिलाई।

उपनिरीक्षक विवेक शर्मा ने सनराइज स्कूल मेहगांव के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। भिण्ड पुलिस का यह अभियान पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिलेभर में लगातार चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से बचाना और एक स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज का निर्माण करना है।

उत्तर मध्य रेलवे

**पत्रांक:** GWL/AE/L-9/Genl. **दिनांक:** 17.07.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्वालियर - धौलपुर रेल मार्ग पर ग्वालियर - बिरलानगर रेल खण्ड में स्थित ब्रिज संख्या 1225/1 (गाटर वाली पुलिया) को जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की संभावना के दृष्टिगत से आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस ब्रिज को आवागमन हेतु बंद किया जाता है। इस मार्ग की जगह आने जाने हेतु पास में ही स्थित चमडा मिल ब्रिज (ROB) का उपयोग किया जाये।

1659/26(AK) **सहायक मण्डल इंजी./ग्वालियर**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# रेत से भरी ओवर लोड 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां व एक लोडर मशीन जब्त

## - अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई





भिण्ड (निज संवाददाता)। जिला प्रशासन के निर्देशन में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात्रि में ग्राम बछरेटा, तहसील अमायन, जिला भिण्ड में अवैध खनिज रेत के उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए प्रभावी कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान 6 ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, जिनमें अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था, जब्त की गईं। इसके अतिरिक्त रेत भरने के कार्य में प्रयुक्त एक लोडर मशीन भी जब्त की गई। सभी जब्तशुदा वाहन एवं लोडर को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई हेतु पुलिस थाना अमायन की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। कार्रवाई के उपरांत पुलिस थाना अमायन द्वारा एफआईआर क्र.38/2026 पंजीबद्ध की गई है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 302(2) एवं 317(5) के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

संयुक्त टीम द्वारा मौके पर सर्वे क्र.513, 514 एवं 468/2 पर अवैध रूप से भण्डारित लगभग 345 घन मीटर गौण खनिज रेत भी जब्त की गई। उक्त जब्तशुदा रेत को विधिवत पंचनामा तैयार कर रामवीर सिंह निवासी ग्राम खेरिया सिंध की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखा गया है। प्रकरण में मप्र गौण खनिज नियम, खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 तथा अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई के दौरान एसडीएम मेहगांव, एसडीओपी मेहगांव, तहसीलदार मेहगांव तथा थाना प्रभारी, पुलिस थाना अमायन सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग का भारी पुलिस बल एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अवैध उत्खनन के विरुद्ध जारी रहेगी कार्रवाई** जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की सघन संयुक्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी तथा ऐसे अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन द्वारा अवैध खनन के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जा रही है तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी कदम निरंतर उठाए जाएंगे।



# प्रयागराज-यशवंतपुर विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए गाड़ी संख्या 04149/04150 प्रयागराज-यशवंतपुर साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 04149/04150 प्रयागराज-यशवंतपुर विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं.- 04149 प्रयागराज-यशवंतपुर | | | गाड़ी सं- 04150 यशवंतपुर-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| बुधवार | 18:00 | प्रयागराज | 06:30 | सोमवार |
| 19:28 | 19:30 | शंकरगढ़ | 04:13 | 04:15 |
| 20:10 | 20:12 | डभौरा | 03:33 | 03:35 |
| 20:55 | 21:00 | मानिकपुर | 03:10 | 03:15 |
| 21:30 | 21:32 | चित्रकूटधाम | 01:55 | 01:57 |
| 23:10 | 23:15 | बाँदा | 00:35 (सोम) | 00:40 |
| 00:20 (गुरू) | 00:25 | महोबा | 23:18 | 23:20 |
| 01:40 | 02:10 | खजुराहो | 21:20 | 21:50 |
| 02:28 | 02:30 | दरियागंज | 20:50 | 20:52 |
| 03:08 | 03:10 | महाराजा छत्रसाल स्टेशन छतरपुर | 20:30 | 20:32 |
| 04:20 | 04:22 | टीकमगढ़ | 19:10 | 19:12 |
| 05:28 | 05:30 | ललितपुर | 18:18 | 18:20 |
| 21:00 | शुक्रवार | यशवंतपुर | शनिवार | 07:00 |

**अन्य ठहरावः-** उपरोक्त के अतिरिक्त इस गाड़ी का **बीना, रानी कमलापति, इटारसी, नागपुर, बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, बेल्लमपल्ली, मंचिर्याल काजीपेट, सिकंदराबाद, लिंगमपल्ली, विकाराबाद, तांदूर, यादगिर, कृष्णा, रायचूर, गुंतकल, अनंतपूर, धर्मवरम, हिंदूपुर** एवं **यलहंका** स्टेशनों पर भी ठहराव प्रदान किया गया है।

**प्रयागराज सेः-** गाड़ी संख्या 04149, प्रत्येक बुधवार, दिनांक 05.08.2026 से 23.09.2026 तक। **यशवंतपुर सेः-** गाड़ी संख्या 04150, प्रत्येक शनिवार, दिनांक 08.08.2026 से 26.09.2026 तक।

**गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 07, स्लीपर- 11, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 02 एवं वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01

**नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।**

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1649/26(A)




# मजिस्ट्रेट चेकिंग में दो दर्जन वाहनों पर हुई चालानी कार्रवाई

गोहद (निज संवाददाता)। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मजिस्ट्रेट चेकिंग की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग दो दर्जन वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, आवश्यक दस्तावेजों की कमी तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की जांच की गई। अधिकारियों ने नियमों का पालन करने की समझाइश देते हुए भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। यह कार्रवाई मौ, मालनपुर, गोहद, गोहद चौराहा थाना क्षेत्र में संचालित की गई।

# नकाबपोश बदमाशों ने कट्टे की नोक पर महिला और भांजे को लूटा

## - जेवर-नकदी और मोबाइल लूटकर भागे

भिण्ड (निज संवाददाता)। मिहोना थाना क्षेत्र के सुंदरपुरा खुर्द के पास मप्र-उप्र सीमए पर चार नकाबपोश बदमाशों ने कट्टे की नोक पर विवाहिता और उसके भांजे को लूट लिया। बदमाश महिला से लाखों रुपए के जेवर, नकदी और मोबाइल छीनकर उप्र सीमा की ओर फरार हो गए। वारदात के दौरान विरोध करने पर बदमाशों ने बाइक पर बैठी बच्ची के सिर पर कट्टे के बट से हमला भी कर दिया।

जानकारी के अनुसार बंगरा निवासी 28 वर्षीय मंजू राठौर को उनका भांजा आकाश राठौर निवासी बड़ोखरी बाइक से घर छोड़ने जा रहा था। बाइक पर मंजू के साथ दो छोटे बच्चे भी सवार थे। शाम करीब पांच बजे सुंदरपुरा खुर्द के पास पीछे से दो बाइकों पर सवार चार नकाबपोश बदमाश आए और बाइक के सामने वाहन अड़ाकर कट्टा तान दिया। जब उसने बाइक नहीं रोकी तो बदमाशों ने पीछा कर उन्हें घेर कर रोक लिया। इसी दौरान एक बदमाश ने बच्ची के सिर पर कट्टे के बट से वार कर दिया। इसके बाद चारों बदमाशों ने मंजू के गले से मंगलसूत्र, ब्रजबाला, अंगूठी, पांच हजार रुपए नकद और मोबाइल लूट लिया। वहीं आकाश की अंगूठी और मोबाइल भी छीन लिया। वारदात के बाद बदमाश उप्र सीमा के अंतियनपुरा की ओर भाग निकले। भागते समय बदमाशों ने आकाश का मोबाइल करीब आधा किमी दूर झाड़ियों में फेंक दिया, जिसे बाद में बरामद कर लिया गया। सूचना मिलते ही मिहोना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है।

### गोहद में महिला से मंगलसूत्र लूटा था

एक दिन पहले ही गोहद के सदर बाजार में बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने एक महिला के गले से मंगलसूत्र लूट लिया था। उस वारदात के महज 24 घंटे के भीतर मिहोना थाना क्षेत्र में कट्टे की नोक पर दूसरी बड़ी लूट को अंजाम दे दिया गया।



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

# सब नागरिक समान
# सबको सम्मान

समानता और न्याय की
भावना को समर्पित

## मध्यप्रदेश
# मंत्रिपरिषद् बैठक

अध्यक्षता

## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**19 जुलाई 2026**
जगदीशपुर, जिला भोपाल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार सभी वर्गों के साथ संतुलन बनाते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रदेश की जनहितैषी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# समान नागरिक संहिता

- **सभी जाति, धर्म या वर्ग के नागरिकों के लिए एक समान कानून सुनिश्चित होंगे**
- **सभी पारंपरिक सांस्कृतिक विविधताएं, धार्मिक रीति-रिवाज पूरी तरह सुरक्षित होंगे**
- **विवाह, तलाक, भरणपोषण, उत्तराधिकार जैसे मामलों में अब सभी को एक समान कानूनी सुरक्षा मिलेगी**
- **जुबानी, एकतरफा और अनौपचारिक तलाक पूरी तरह गैर-कानूनी और दंडनीय होंगे**
- **बहुविवाह पर पूरी तरह रोक एवं विवाह और तलाक पर पंजीयन अनिवार्य होगा**
- **लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीयन अनिवार्य**
- **माता-पिता की वैवाहिक स्थिति से परे सामान्य बच्चों की तरह जैविक, दत्तक, सेरोगेसी या एआरटी से जन्मे बच्चों को समान कानूनी मान्यता**
- **जनजातीय संस्कृति और जीवन शैली का सम्मान करते हुए प्रदेश की भील, गोंड, कोरकू, बैगा, सहरिया और भारिया जैसी जनजातियों पर यह कानून लागू नहीं होगा**

D11063/26